जीत और हार से पहले तय किए जाने वाले का नाम ही कोशिश है। लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए...

yashbharat.co.in

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

• वर्ष- 17 अंक 172- • जबलपुर • रविवार, 23 जुलाई, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 7 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935



सात्विक और चिराग... पेज 7

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान

24.6 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

29. डिसे

बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### पीएम नेतन्याहू अस्पताल में भर्ती, की जाएगी सर्जरी

यरूशलेम • एजेंसी
yashbharat.co.in

इस्राइल में न्यायिक सुधार विधेयक के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने बड़ी संख्या में रैली निकाली। न्यायिक सुधार बिल पर पहले से ही बवाल मचा हुआ है। बिल के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत में अंतिम मतदान किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने नेसेट के पास एक टेंट सिटी स्थापित की है। इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को रविवार तड़के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि उन्हें असंतुलित धड़कनों की वजह से अब पेसमेकर लगाया जाएगा। पीएम के कार्यालय ने रविवार तड़के यह जनकारी दी। बताया गया है कि इस्राइली प्रधानमंत्री को सिडेशन (बेहोशी की हालत) में रखा जाएगा। गौरतलब है कि नेतन्याहू को पिछले हफ्ते भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब भी उनके सीने में दर्द की समस्या थी, जिसके बाद उन्हें इमरजेंसी वॉर्ड में भर्ती किया गया। अधिकारियों ने कहा था कि वे बेहोश हो गए थे, लेकिन अस्पताल में वह पूरी तरह से होश में थे। वे चलकर अस्पताल के इमरजेंसी रूम पहुंचे थे।

### बार में महिलाओं से कर रहा था बदतमीजी, बाहर निकालने पर भड़का और लगा दी आग, 11 की मौत

वाशिंगटन • ईएमएस
yashbharat.co.in

मेक्सिको के एक बार में महिलाओं के साथ एक शख्स बदतमीजी कर रहा था। कर्मचारियों द्वारा बाहर निकाले जाने पर व्यक्ति भड़क गया और बार में आग लगा दी। इससे 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घटना शुक्रवार देर रात अमेरिका की सीमा से लगे उत्तरी राज्य सोनोरा के सैन लुइस रियो कोलोराडो शहर में हुई। सोनोरा में स्थित राज्य अभियोजक के कार्यालय का कहना है कि आग में सात पुरुषों और चार महिलाओं की मौत हुई है। वहीं, चार अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शनिवार तड़के हमले के समय आरोपी बहुत नशे में था। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण उसे बार से बाहर निकाल दिया गया था। बाद में, वह गुस्से में वापस लौटा और बार के दरवाजे पर मोलोटोव कॉकटेल फेंक दिया।

### सड़क हादसे में बीआरएस नेता और बेटे की मौत

हैदराबाद • ईएमएस
yashbharat.co.in

तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता और उनके बेटे की सड़क हादसे में मौत की खबर है। घटना शनिवार की है। बीआरएस नेता थौर्या नायक और उनका बेटा नरसिंगी से चेगुंटा जा रहे थे, इसी दौरान उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, थौर्या नायक और उनका बेटा अंकित, नरसिंगी गांव से चेगुंटा जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार का टायर फट गया, जिससे उन्होंने कार पर नियंत्रण खो दिया।

# टमाटरों की चोरी



## 210 कैरेट से भरी गाड़ी गायब की, किसान को भनक तक नहीं लगी

बेंगलुरू • ईएमएस
yashbharat.co.in

टमाटर की कीमतें इस कदर बढ़ी हैं कि अब इसकी चोरी की घटनाएं होने लगी हैं। कर्नाटक के बेंगलुरु में भी एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां बदमाशों ने टमाटर से भरी गाड़ी चुरा ली। हैरानी की बात ये है कि बदमाशों ने इस चालाकी से चोरी की इस घटना को अंजाम दिया कि किसान और गाड़ी के ड्राइवर को भनक तक नहीं लगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। घटना बेंगलुरु के एपीएमसी यार्ड पुलिस थाना क्षेत्र की है। चित्रदुर्ग जिले के हिरियुर से एक किसान शनिवार मध्य रात्रि के करीब लाखों रुपए के टमाटर बोलेरो गाड़ी में भरकर कोलार मार्केट ले जा रहा था। मार्केट जाते हुए बोलेरो गाड़ी रोड पर एक अन्य कार से टकरा गई। इस टक्कर में कार का शीशा टूट गया। इस पर कार सवार व्यक्ति और बोलेरो में बैठे ड्राइवर और किसान का झगड़ा हो गया। कार चालक दोनों से नुकसान के बदले 10 हजार रुपए की मांग कर रहा था। पुलिस का कहना है कि कार चालक जबरन बोलेरो के ड्राइवर और किसान को बुदीगेरे नामक जगह ले गया और वहां से फरार हो गया। इसके बाद जब दोनों वापस अपनी गाड़ी के पास पहुंचे तो वहां टमाटर से लदी बोलेरो गाड़ी गायब मिली। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस से इसकी शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि गाड़ी में 210 कैरेट टमाटर भरे हुए थे, जिनकी कीमत करीब दो लाख रुपए थी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 379 (चोरी) और 390 (डकैती) की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच कारोबारी को पड़ा भारी

# ऑनलाइन जुए में हारा 58 करोड़



नागपुर • यशभारत
yashbharat.co.in

महाराष्ट्र में नागपुर का एक कारोबारी ऑनलाइन जुए में 58 करोड़ रुपये हार गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने एक संदिग्ध सट्टेबाज अनंत उर्फ सोंटू नवरतन जैन के घर पर छापेमारी कर चार किलोग्राम सोने के बिस्कुट और 14 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। हालांकि, छापेमारी से ठीक पहले आरोपी मौके से भाग गया। नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि संदेह है कि सट्टेबाज दुबई भाग गया है। अधिकारी ने आगे कहा कि शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि आरोपी ने कारोबारी को ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए ऑनलाइन जुआ खेलने के लिए मना लिया था। हालांकि, कारोबारी शुरुआत में थोड़ा झिझके थे, लेकिन बाद में वह जैन की बातों में आ गए और हवाला व्यापारी के माध्यम से उसे आठ लाख रुपये दिये।

#### पांच करोड़ जीतकर गंवाई भारी रकम

कुमार ने बताया कि आरोपी ने कारोबारी को ऑनलाइन जुआ खाता खोलने के लिए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। कारोबारी को खाते में आठ लाख रुपये जमा मिले और उसने जुआ खेलना शुरू कर दिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि शुरुआत में मुनाफा कमाने के बाद कारोबारी को भारी नुकसान हो गया। लगभग पांच करोड़ रुपये जीतकर 58 करोड़ रुपये गंवा दिए।

#### नुकसान होने पर हुआ संदेह

अधिकारी ने बताया कि कारोबारी को नुकसान होने पर संदेह हुआ और उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन आरोपी ने पैसे वापस देने से इनकार कर दिया। कारोबारी ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने गोंदिया में जैन के आवास पर छापा मारा। छापेमारी अभियान में 14 करोड़ रुपये नकद और चार किलोग्राम सोने के बिस्कुट बरामद किए गए।

### कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में शिफ्ट किए गए चीते, 6 के रेडियो कॉलर हटाए

श्योपुर • ईएमएस
yashbharat.co.in



कूनो नेशनल पार्क में खुले में घूम रहे चीतों को बाड़े में शिफ्ट कर दिया गया है। इनको मेडिकल चेकअप के लिए बाड़े में शिफ्ट किया गया है। 6 चीतों के रेडियो कॉलर हटाए गए हैं। अभी बाड़े में कुल 11 चीते हैं। इनमें 6 नर और 5 मादा चीता हैं। कूनो की टीम नामीबिया और साउथ अफ्रीका के एक्सपर्ट के साथ चीतों की जांच कर रही है।

### बुरहानुपर में पुलिया पार करते समय पलटा ट्रैक्टर, तीन को बचाया

बुरहानपुर • ईएमएस
yashbharat.co.in

नगर से खामनी जाने वाले मार्ग पर मौजूद पुलिया पर बाढ़ का पानी होने के बाद भी ड्राइवर ने ट्रैक्टर निकालने का प्रयास किया, जिसके चलते वह पलट गया। ट्रैक्टर गेला की बिजवई का सामान लेकर जा रहा था। इसमें ड्रावइर सहित तीन युवक सवार थे। गनीमत थी कि कोई नीचे नहीं दबा। आस-पास मौजूद लोगों ने उन्हें बचा लिया। इस पुलिया पर एक फोर व्हीलर वाहन भी फंसा हुआ है।

### महाराष्ट्र में भूस्खलन के 4 दिन बाद 82 लोग लापता

# यवतमाल में 45 लोग बाढ़ में फंसे दिल्ली में यमुना का जलस्तर फिर बढ़ा



नई दिल्ली • एजेंसी
yashbharat.co.in

गुजरात में भारी बारिश के कारण जूनागढ़ में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। हृष्ठऋ्न की टीम ने मोती बाग इलाके में बचाव अभियान चलाया। महाराष्ट्र के इर्शालवाड़ी गांव में भूस्खलन की घटना के चार दिन बाद भी 82 लोग लापता हैं। शनिवार को दमकल की टीमों ने मलबे से चार और शव निकाले। हादसे में मरने वालों की संख्या 26 हो गई है। हृष्ठऋ्न के अधिकारी ने कहा कि खोजबीन और बचाव का मिशन अभी जारी रहेगा। स्थानीय टीमों के साथ हृष्ठऋ्न की चार टीमें अभियान में लगी हुई हैं। यवतमाल जिले में बारिश के कारण बाढ़ में फंसे 45 लोगों को बचाने के लिए एयरफोर्स के दो हेलिकॉप्टर लगाए गए। बोर्डिंग स्कूलों में रहने से बच गई कई बच्चों की जान, मगर हो गए अनाथ, इस भीषण हादसे में कई परिवारों का पूरी तरह सफाया हो गया है. कई बच्चे तो ऐसे हैं जो इस भयानक प्राकृतिक आपदा के वक्त अपने घरों पर नहीं होने के कारण बच गए हैं, मगर अब उनके परिवार में उनकी देखभाल करने वाला कोई भी शख्स नहीं बचा है।

### गुजरात में डैम और नदियां उफान पर; 16 राज्यों में अलर्ट

गुजरात के दक्षिण और सौराष्ट्र क्षेत्रों के कई जिलों में शनिवार को भारी से बहुत भारी बारिश हुई, जिससे शहरी इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और बांधों और नदियों में बढ़ते जल स्तर के बीच गांव अलग-थलग पड़ गए। जूनागढ़ शहर में आज शाम चार बजे तक आठ घंटे में 219 मिलीमीटर बारिश हुई, जिसके बाद खड़ी दर्जनों कारें और मवेशी पानी में बह गए। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए कमर तक भरे पानी से गुजरते देखा गया, जबकि उनमें से कुछ को स्वयंसेवकों द्वारा बचाया गया। मूसलाधार बारिश के कारण कई आवासीय इलाकों और बाजारों में बाढ़ के कारण नवसारी और जूनागढ़ सबसे अधिक प्रभावित जिलों में से हैं। नवसारी में एक शख्स लापता हो गया। जिला कलेक्टर अमित प्रकाश यादव ने बताया कि मौके पर 40 टीमें मौजूद हैं। फिलहाल किसी की जान जाने की खबर नहीं है। लापता शख्स की तलाश जारी है। उधर, दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर फिर बढ़ रहा है। रविवार सुबह 7 बजे जलस्तर 205.81 मीटर दर्ज किया गया। शनिवार को वाटर लेवल खतरे के निशान (205.33 मीटर) के आसपास रहा। जो लोग पानी कम होने के बाद अपने घरों में लौट गए थे, उनमें से कई शनिवार को राहत शिविरों में लौट आए।

## सचिन से जुड़ने के बाद सीमा हैदर ने की दोस्ती, प्यार और शादी, लेकिन आईबी के नए इनपुट के बाद अलर्ट

ग्रेटर नोएडा • एजेंसी
yashbharat.co.in



पबजी पार्टनर के प्यार की खातिर भारत में आने का दावा करने वाली सीमा हैदर की आईबी के इनपुट के बाद संबंधित एजेंसियां जांच कर रही हैं। खास बात यह है कि सीमा हैदर के खुलासे से पहले प्रदेश के अभिसूचना विभाग ने भारतीय नाम वाली 14 महिलाओं के जासूसी में लिप्त होने का अलर्ट जारी किया था। छद्म नाम वेश की ये महिलाएं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) विंग के इशारे पर सोशल मीडिया पर भारतीयों से जुड़कर जासूसी व ब्लैकमेलिंग लिप्त बताई जा रही हैं। इसे देखते हुए पुलिस भी खासी अलर्ट है। हालांकि अभी तक सीमा हैदर के संबंध में एजेंसियों को जासूसी का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। लेकिन आईबी जारी किए गए अलर्ट को लेकर भी एजेंसियां गहनता से जांच कर रही हैं। 26 जून को प्रदेश के अभिसूचना मुख्यालय ने अलर्ट जारी कर पुलिस व संबंधित एजेंसियों को अवगत कराया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि आईएसआई की नई विंग से जुड़ी 14 महिलाएं सोशल मीडिया (फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और लिंक्डइन) के माध्यम से भारतीय अधिकारियों को अपने जाल में फंसा सकती हैं। उस दौरान कुछ सोशल मीडिया के यूआरएल, नाम आदि भी रिपोर्ट के साथ पुलिस मुख्यालयों को उपलब्ध कराए गए थे। इनकी फ्रेंड लिस्ट में कई सेना और अर्धसैनिक बल से जुड़े जवान और अधिकारी शामिल थे। इनके अलावा महिलाएं वैज्ञानिकों समेत अन्य अधिकारियों से जुड़ने का प्रयास कर रहीं थीं। जारी अलर्ट में आशंका जताई गई थी कि महिलाएं छद्म वेश में भारत में आ सकती हैं। हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेलिंग के जरिये सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कर सकती हैं।हालांकि सीमा हैदर ने सचिन से जुड़ने के बाद दोस्ती, प्यार व शादी की है।

## मासूम बच्चे के साथ कुकृत्य कर मार डाला

विदिशा • यशभारत
yashbharat.co.in

**मुंह में जूट ठूंसा औजार से मारा, सिसकने पर घसीटा और कर दी हत्या**

विदिशा शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में आठ साल के मासूम बच्चे के साथ कुकृत्य के बाद उसकी बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपित ने अप्राकृतिक कृत्य करने के बाद हत्या करने के लिए बच्चे के मुंह में जूट का बोरा ठूंस दिया, फिर गैरेज के औजार से मारा। इसके बाद भी बच्चे के सिसकने की आवाज आई तो उसे बोरे में भरकर सीढ़ियों से खींचकर ले गया और लोहे के औजार से हमला किया। आरोपित वहां तब तक खड़ा रहा, जब तक बच्चे के प्राण नहीं निकल गए। इसका पर्दाफाश शनिवार को मेडिकल कालेज की मर्चुरी में हुए पोस्टमार्टम की शार्ट पीएम रिपोर्ट में हुआ। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है।बता दें कि 20 जुलाई की दोपहर कोतवाली थाना अंतर्गत आठ वर्षीय मासूम घर से गायब हो गया था। स्वजनों ने इसकी शिकायत थाने में की थी। पुलिस ने शक के आधार पर कृष्णा यादव से सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपित मासूम को बहला- फुसलाकर गैरेज ले गया था, जहां उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया।जब बच्चे ने इसका विरोध किया तो उसके मुंह में जूट का बोरा ठूंस दिया और ट्रैक्टर के लोहे के औजार से कई बार चोट पहुंचाई, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। मासूम को मृत समझकर बोरा में भरकर सीढ़ियों से खीचते हुए ऊपर ले गया और छिपा दिया, लेकिन थोड़ी देर बाद उसके सिसकने की आवाज आई तो फिर से उस पर उसी लोहे के औजार से हमला किया। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद आरोपित नीचे आया।इसी दौरान गैरेज मालिक आ गया और वह काम में जुट गया। शाम सात बजे गैरेज बंद कर मालिक चला गया था।

## छतरपुर में दबंग ने युवक के मुंह में भर दी गंदगी, पंचायत ने भी ठोका जुर्माना

छतरपुर • ईएमएस
yashbharat.co.in



छतरपुर जिले के महाराजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिकौरा में नाली निर्माण कार्य के दौरान हुए विवाद में एक दलित युवक के मुंह एवं कपड़ों में गंदगी (मल) लाकर भर दी। यही नहीं, जब उसने गांव की पंचायत में गुहार लगाई तो पंचायत ने भी दबंग का पक्ष लिया व उस पर 600 रुपये जुर्माना लगाकर राशि वसूल की गई। देशराज की जब किसी ने नहीं सुनी तो समाज के कुछ व्यक्तियों के साथ उसने थाने जाकर शिकायती आवेदन दिया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि गांव में पटेल समाज की चलती है, जैसा वे चाहते हैं, वैसा ही गांव में होता है। उधर, एएसपी विक्रम सिंह ने कहा कि थाने में आवेदन आया है, इसमें मैला खिलाने की बात नहीं है, हम मामले की जांच कर रहे हैं। थाने में दिए गए आवेदन के मुताबिक बिकौरा में शासकीय नाली निर्माण हो रहा है।वहीं, गांव का दबंग रामकृपाल पटेल टैंकर के पानी से नहाने आ गया। नाली निर्माण में लगा देशराज पिता राजाराम अहिरवार मिक्सर मशीन में ग्रीस लगा रहा था। उसके हाथ से थोड़ा सा ग्रीस उचटकर रामकृपाल पटेल के ऊपर गिर गया तो वह आपा खो बैठा और देशराज को जातिसूचक गालियां देने लगा।

## युद्ध स्तर पर तैयार हों गो-शालाएं : मुख्यमंत्री

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बड़ी संख्या में गाय सड़कों पर हैं, जिन्हें गौ-शालाओं में पहुँचाने का कार्य मिशन मोड में किया जाये। गौ-शालाओं को युद्ध स्तर पर तैयार करें। अस्थाई रूप से भी गायों को रखने की व्यवस्था करें, मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में गौ-शालाओं के निर्माण एवं गौ-वंश की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर स्थान चिन्हित कर लें। गौ-शालाओं के निर्माण और गायों के रखने की व्यवस्था के संबंध में प्लानिंग कर कार्य शुरू करें। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### प्रियंका को सीएम शिवराज का जवाब

## मैं बताता हूं- 18 साल में क्या हुआ

**भोपाल यशभारत।** शुक्रवार को ग्वालियर में आयोजित रैली के माध्यम से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा लगाए गए आरोपों पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रियंका को झूठ बोलना शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तीन वर्ष में 27 नौकरियां दीं,जबिक हम इसी वर्ष 55 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दे चुके हैं। शिवराज ने कहा , 'वह पूछते थे 18 साल में क्या हुआ..? मैं बताता हूं क्या हुआ। 18 साल पहले गड्ढों में सड़क थी या सड़क में गड्ढा, पता ही नहीं लगता था। हमने चार लाख 11 हजार किमी शानदार सड़कें बनाई। वो जमाना था जब बिजली के कभी-कभी दर्शन होते थे। 2900 में मेगावाट के स्थान पर 28 हजार मेगावाट की सौगात हमने दी। न पीने के लिए पानी था न ही सिंचाई के लिए। वह कहते हैं कि 27 रुपये रोज किसान की आमदनी है। अरे, ऐसा झूठ तो मत बोलों की पचे ही नहीं। छह हजार रुपये प्रधानमंत्री और छह हजार हम किसानों को प्रतिवर्ष देते हैं।

## 5 बच्चों की मां को हो गया इश्क, रहने लगी प्रेमी के घर पर बेटे के बर्थ डे पर पति को बुलाया, कर दी हत्या

दरभंगा • एजेंसी
yashbharat.co.in



दरभंगा के कमरौली गांव में राम कुमार साह उर्फ मुन्ना साह की हत्या बेरहमी से कर दी गई. इस हत्याकांड के बाद मारे गए मुन्ना साह की पत्नी संगीता देवी और उसके प्रेमी कुंदनलाल दास को गिरफ्तार कर लिया गया है.यह वारदात शुक्रवार रात 11ऱ30 बजे कमरौली कुंवर पट्टी भरवाड़ा टोल पर हुई है. हत्या के आरोप में गिरफ्तार संगीता देवी जीविका दीदी का काम करती हैं, जबकि उनका प्रेमी कुंदनलाल दास रेलवे में प्वॉइंट मैन के पद पर कार्यरत है. हत्या की यह वारदात कुंदललाल दास के पॉल्ट्री फॉर्म पर हुई है.डीएसपी इमरान अहमद के मुताबिक, मारे गए मुन्ना साह की पत्नी एक महीने से अपने आशिक के भरवाड़ा टोल स्थित पॉल्ट्री फॉर्म पर 4 बेटियों और एक बेटे के साथ रह रही थी. वारदात की रात आरोपी महिला ने अपने पति को यह कहकर आशिक के फॉर्महाउस पर बुलाया कि उनके एकलौता बेटे माधव कुमार की बर्थ-डे पार्टी है. तब मुन्ना साह ने अपने गांव के युवक अनोज कमती से कहा कि बेटे की बर्थडे पार्टी है. मुझे फॉर्म पर बाइक से पहुंचा दो। पुलिस के मुताबिक, जैसे ही मुन्ना साह फॉर्महाउस पर आया कि कुंदनलाल दास और संगीता देवी ने मुन्ना साह को दबोच कर पॉल्ट्री फॉर्म के खंबे में रस्सी से बांध दिया. इसके बाद कुंदनलाल दास ने मुन्ना साह के माथे पर धारदार हथियार से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया. मुन्ना साह की दाहिनी आंख से खून बहने लगा. मुन्ना के अचेत हो जाने के बाद संगीता देवी और कुंदनलाल ने ईंट-पत्थरों से उसे मारकर अधमरा कर दिया।

### मणिपुर में फिर हिंसा

### ऑटोमैटिक रायफल्स, पॉम्पी गन्स, विस्फोटकों से हमला

# बिष्णुपुर में भीड़ ने स्कूल-घरों में आग लगाई, चुराचांदपुर और इंफाल में रात भर फायरिंग

इंफाल • एजेंसी
yashbharat.co.in



मणिपुर में 4 मई को भीड़ ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया था। इसका वीडियो 19 जुलाई को सामने आया। उसके बाद से राज्य में हिंसा बढ़ गई है।चुरचांदपुर और इंफाल के पास मैतेई और कुकी समुदाय के बीच शनिवार को रात भर फायरिंग हुई। इस दौरान ऑटोमैटिक रायफल्स, पॉम्पी गन्स, विस्फोटकों से हमला किया गया। बिष्णुपुर के थोरबुंग में भीड़ ने एक स्कूल और कई घरों में आग लगा दी। मौके पर ष्टक्रक्क, क्रस्स्न और असम रायफल के जवान तैनात हैं। सुबह 9 बजे भी थोरबुंग, कांगवाय के अंदरूनी इलाकों में फायरिंग हो रही थी।वायरल वीडियो सामने आने के बाद से पुलिस ने अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें एक नाबालिग भी है।मणिपुर में 4 मई को दो और लड़कियों का गैंगरेप किया गया थामणिपुर के चुराचांदपुर में हजारों लोग काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे।मणिपुर में 4 मई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के साथ एक और घटना हुई थी। उसी दिन दो अन्य लड़कियों का रेप कर हत्या कर दी गई थी। ये घटना कांगपोकपी जिले के कोनुंग ममांग इलाके में हुई थी, यह जगह दूसरे घटनास्थल से 40 किलोमीटर दूर है। पीड़ितों के साथ काम करने वाले एक शख्स ने बताया कि एक लड़की की उम्र 21 और दूसरी की 24 साल थी। दोनों गैराज में काम करती थीं। उस दिन भीड़ में महिलाएं भी आई थीं। उन महिलाओं ने ही भीड़ में मौजूद मर्दों से उनका रेप करने के लिए कहा था। इसके बाद वो लड़कियों को कमरे में ले गए।

### मिजोरम में दहशत

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद अब पूर्वोत्तर में जातीय तनाव की आग भड़क गई है। पड़ोसी राज्य मिजोरम में रहने वाले मैतेई समुदाय के करीब 10 हजार लोगों ने दहशत के कारण पलायन शुरू कर दिया है। वे मणिपुर और असम वापस लौट रहे हैं।मणिपुर सरकार ने रविवार से (23 जुलाई) आइजोल (मिजोरम) और सिलचर (असम) के लिए दो स्पेशल फ्लाइट सर्विस शुरू करने का फैसला किया। मिजोरम सरकार ने मैतेइयों की सुरक्षा के लिए राजधानी आइजोल में चार बटालियन कैंप बनाए हैं। मणिपुर-मिजोरम सीमा पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। दरअसल, मिजोरम के पूर्व उग्रवादी संगठन पामरा ने मणिपुर से वीडियो सामने आने के बाद यहां रहने वाले मैतेइयों को सतर्कता बरतने की एडवाइजरी जारी की थी।

### बंगाल में मणिपुर जैसी घटना का वीडियो वायरल जागी पुलिस, 5 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। बंगाल के मालदा इलाके में महिलाओं को भीड़ द्वारा निवृस्त्र करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. सोशल मीडिया पर शनिवार सुबह एक वीडियो अचानक वायरल होने लगा, जिसमें साप्ताहिक बाजार में कुछ महिलाएं चोरी के शक में दो अन्य महिलाओं पर हमला करती हैं. मारपीट के दौरान वो उन्हें अर्धनग्न भी कर देती हैं. जांच के दौरान पता चला कि दो महिलाएं मानिकचक पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाजिरपुर के साप्ताहिक बाजार में नींबू बेच रही थी. तभी उन्हें कथित तौर पर कुछ आदिवासी महिलाओं पर पैसे चुराने का शक हुआ.पुलिस के मुताबिक आरोप है कि रंगे हाथों पकड़ने के बाद दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई, जिसमें भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं की साड़ी फाड़ दी गई और उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया. यह घटना बीती 18 जुलाई की है. पेश मामले में वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने बीच-बचाव किया और दोनों महिलाओं को हिंसक भीड़ से बचाया. वरिष्ठ अधिकारियों ने पाकुआहाट का दौरा किया और मामला दर्ज किया।



कटनी, जबलपुर, मण्डला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

## » न्यूज गैलरी

### हिन्दू सेवा परिषद् की आज निकलेगी मशाल यात्रा

**जबलपुर, यशभारत।** हिन्दू सेवा परिषद् के तत्वावधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अधारताल में मशाल यात्रा निकालेगी। यह मशाल यात्रा अधारताल स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने के पश्चात निकाली जावेगी जो कि रद्दी चौक तक जाकर पुनः मुख्य मार्ग तय करते हुए मंदिर प्रांगण में ही संपन्न होगी।यात्रा आज शाम 6.00 बजे निकलेगी। हिन्दू सेवा परिषद् के महानगर अध्यक्ष सौरभ जैन ने बताया कि भारत देश में समान नागरिक संहिता कानून का समर्थन करने हेतु तथा भारत देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून को लागू कराने यह मशाल यात्रा निकाली जा रही है। मशाल यात्रा में उपस्थिति की अपील प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, महानगर अध्यक्ष सौरभ जैन, प्रखंड प्रमुख दीपक विश्वकर्मा,राजा रजक, रवि कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, राहुल धुर्वे, बादल कोल, एवं अन्य ने की है।

### पमरे की तीन गाड़ियों की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन

**जबलपुर यशभारत ।** रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 11064 बीना - कोटा एक्सप्रेस मेमू ट्रेन का बीना स्टेशन से लेकर पगारा स्टेशन के मध्य के रेलवे स्टेशनों पर आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06631 भोपाल-बीना मेमू ट्रेन का बीना स्टेशन पर आगमन समय एवं गाड़ी संख्या 22190 रीवा - जबलपुर इंटरसिटी का जबलपुर स्टेशन पर आगमन समय में आंशिक परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। समय सारणी में उक्त बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 11064 बीना - कोटा एक्सप्रेस मेमू ट्रेन बीना से पगारा के मध्य बीना से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी। गुना स्टेशन से कोटा स्टेशन के बीच उक्त गाड़ी की समय सारणी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।गाड़ी संख्या 06631 भोपाल-बीना मेमू ट्रेन का बीना स्टेशन पर आगमन समय 10.50 बजे था जिसमे आंशिक संशोधन करते हुए 10.45 बजे किया गया है। गाड़ी संख्या 22190 रीवा - जबलपुर इंटरसिटी का जबलपुर स्टेशन पर आगमन समय 10.00 बजे था जिसमे आंशिक संशोधन करते हुए 10.15 बजे किया गया है।यात्री कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

### कैलेंडर का विमोचन

**जबलपुर, यश भारत।** इस्लामिक नव वर्ष की शुरुआत में उपरैनगंज स्थित दारुस्सलाम मे इस्लामिक कैलेंडर का विमोचन नायबे मुफ्ती ए आज़म म. प्र. हज़रत मुहम्मद मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी एवं महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह ने किया। मौलाना की गली निवासी पूनम आशीष उसरेठे द्वारा इस्लामिक कैलेंडर प्रकाशित करने पर मुफ्ती ए आज़म एवं नलिन श्रीवास्तव, मुकेश सर,ताहिर खान, मनोज विश्वकर्मा, शरद, वसीम खान, साबिर खान, आदि हिंदू मुस्लिम नागरिकों ने इस कार्य की सरहाना की

### स्वच्छ सर्वेक्षण :सिटीजन फीडबैक शहर में प्रारंभ

**जबलपुर, यश भारत।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए सिटीजन फीडबैक शहर में प्रारंभ हो चुका है। इस महतवपूर्ण घटक को ध्यान में रखते हुए, आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू शहर हित में जबलपुर वासियों से सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया साथ ही महापौर ने अपने सन्देश में कहा की हमारा शहर हमारी जिम्मेदारी है।

### चैक बाउंस के तीन परिवाद खारिज कर कोर्ट ने किया तेल व्यापारी गणेश प्रसाद अग्रवाल को दोष मुक्त

**नीलेश जैन और राखी जैन ने लगाया था चैक से भुगतान नहीं होने का आरोप**

जबलपुर, यशभारत। चैक बाउंस होने के मामले में शहर के प्रतिष्ठित तेल व्यापारी गणेश प्रसाद अग्रवाल के विरुद्ध दायर तीन अलग-अलग प्रकरणों में कोर्ट ने तीनों परिवाद खारिज करते हुए गणेश प्रसाद अग्रवाल को दोष मुक्त कर दिया है। बैंक चैक अनादरण के इस मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अरविंद सिंह तेकाम ने अपना निर्णय सुना दिया है। यह निर्णय गणेश प्रसाद अग्रवाल के विरुद्ध नीलेश जैन और राखी जैन पता सम्राट गारमेंट्स जवाहरगंज के द्वारा तीन अलग-अलग प्रकरण दाखिल किए जाने से जुड़ा है। इसमें क्रमशः 12559/2014 और 12560/2014 तथा 12561/2014 में यह निर्णय सुनाया गया है। दरअसल यह मामला धारा 138 भारतीय पराक्रम्य अधिनियम के तहत दाखिल परिवाद का है। इसमें परिवादी नीलेश जैन पिता चंद्र कुमार जैन एवम राखी जैन पति नीलेश जैन पता सम्राट गारमेंटस बड़ा फुहारा जबलपुर के द्वारा गणेश प्रसाद अग्रवाल निवासी 583 पूर्वी निवाडगंज जबलपुर के विरुद्ध तीन अलग अलग प्रकरण जो कि क्रमशः साठ हजार रुपए, एक लाख रुपए और एक लाख पच्चीस हजार रूपए की भुगतान राशि चैक से नहीं होने पर दायर किए गए थे।

## अधिकारियों को फोन किया, कोई नहीं पहुंचा मौके पर

# दिव्यांग का मकान ढहा, रातभर घर के बाहर सिसकता रहा परिवार, सोते रहे जिम्मेदार

**जबलपुर,यशभारत। यूं तो मीडिया में आकर समाज के सामने एक अच्छा चेहरा पेश करने लोग अक्सर गरीबों की मामूली मदद करके प्रसिद्धि पाने का प्रयास करते हैं लेकिन जब कोई बड़ा मामला होता है तो फिर ऐसे जनप्रतिनिधि, नेता , सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अपने पैर पीछे खींचते नजर आते हैं। इसकी एक बानगी उस वक्त देखनी मिली जब रात को तेज बारिश के दौरान गढ़ा जोन क्रमांक-1 में रहने वाला दिव्यांग ऑटो चालक का एक कमरे का कच्चा मकान ढह गया और उसके घर के पास खड़ा ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।**



रोता हुआ दिव्यांग

जिसके बाद उसने नगर निगम, जिला प्रशासन , फायर ब्रिगेड के जिम्मेदारों को कई बार फोन लगाया लेकिन पूरी रात गुजर गई वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया। घंटों बीत जाने के बाद जब कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा तो पीड़ित दिव्यांग भूपेंद्र कोष्टा फूट-फूटकर रोने पर मजबूर हो गया। पीड़ित दिव्यांग भूपेंद्र के अनुसार उसे जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी सिर्फ मोबाइल पर आश्वासन दे रहे थे कि दस मिनट में आ रहे हैं लेकिन पूरी रात गुजर गई वहां कोई नहीं पहुंचा। गनीमत रही कि हादसे के वक्त घर के सदस्य बाहर थे नहीं तो एक बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। आलम ये था कि हादसे के बाद दिव्यांग ऑटो चालक भूपेंद्र ने अपने दो बच्चों और पत्नि के साथ टूटे मकान के बाहर बैठकर पूरी रात काटी। फिर भी अब पीड़ित भूपेंद्र को जिला प्रशासन से आस है कि कोई तो उसकी सुनेगा और उसकी मदद करेगा।

### गृहस्थी बर्बाद होते देख नहीं रुक रहे थे आंसू

मकान ढहने से घर की गृहस्थी बर्बाद होने का नजारा देखकर गढ़ा निवासी दिव्यांग ऑटो चालक भूपेंद्र कोष्टा की आंखों के आंसू थम नहीं रहे थे। पीड़ित पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और जैसे-तैसे एक हाथ से ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था लेकिन मकान ढहने से ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे वह अब कमाने लायक भी नहीं बचा है। पीड़ित के अनुसार न तो उसके पास ऑटो को सुधरवाने रुपए हैं और न ही कोई रास्ता, सिर्फ एक ही रास्ता अब उसके पास बचा है कर्जा। जानकारी के अनुसार गढ़ा जोन क्रमांक-1 निवासी दिव्यांग ऑटो चालक भूपेंद्र कोष्टा ऑटो चलाता है जिसके दो मासूम बच्चे हैं।

## पार्षद मद के विकास कार्य तत्काल प्रारंभ कराने महापौर के निर्देश

**लापरवाही करने वाले अधिकारियों को किया जायेगा दंडित**

जबलपुर, यशभारत। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा 69 वार्डो में समान रूप से प्रतिवर्ष 90-90 लाख रूपये के विकास कार्यो को कराने बजट में प्रावधान किया गया था, वहीं 10 वार्ड जो ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में शामिल हुए उन वार्डो में विकास कार्यो के लिए 1.5-1.5 करोड़ के प्रावधान किया गया था। महापौर की मंशा स्पष्ट थी की समान रूप से सभी वार्डो में नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य हों। दिनांक 21 जुलाई 2023 को इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने निगमायुक्त को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि पार्षद मद के 72 करोड़ 60 लाख रूपये के कार्य तत्काल वार्डो में प्रारंभ कराएँ। महापौर श्री अन्नू ने एक दिन पूर्व निगमायुक्त को लिखे पत्र में यह भी कहा है कि यदि मिनिट्स नहीं भी निकले हैं तो मिनिट्स अविलम्ब प्राप्त कर बजट में प्रावधान अनुसार वार्डो में कार्य कराये जाने सभी संबंधितों को निर्देशित करें। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पार्षदों की अनुशंसा पत्र पर तत्काल कार्यवाही हो, अधिकारी अनुशंसा पत्र को गंभीरता से लेकर वार्डो में विकास कार्यो को कराने के लिए तत्काल प्राक्कलन तैयार कर वांछित कार्य प्रारंभ करें के लिए महापौर लगातार अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर ने कल भी सभी सम्माननीय पार्षदों से अनुशंसा पत्र प्राप्त कर विकास कार्य तत्काल प्रारंभ कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। महापौर ने कहा है कि सभी वार्डो में नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य तेजगति से कराये जायेगें। इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। जिन अधिकारियों के द्वारा ये वित्तीय वर्ष 2023-24 के पार्षद अनुशंसा के कार्यो में लापरवाही बरती जायेगी उनके विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी।

### जन समस्या निवारण संस्थान के द्वारा पेपर वितरक को रेनकोट वितरण किया गया

जबलपुर, यशभारत। जन समस्या निवारण संस्थान द्वारा न्यूज़पेपर वितरक को रेनकोट बरसादी वितरित किया गया जन समस्या निवारण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश प्यासी ने बताया कि जो अखबार वितरक भरी बरसात में सुबह से ही घर घर पहुंच कर अखबार पहुंचाते हैं उनकी स्थिति एवं दशा को देखकर राजेंद्र तिवारी रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ने मंशा जताई कि क्यों ना हम संस्थान के माध्यम से इन गरीब पेपर हाकर को रेनकोट देकर उनका उत्साह बढ़ाएं एवं एवं एक छोटी सी भेंट स्वरूप रेनकोट दिया जाए जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश प्यासी एवं साथियों ने इस सुझाव को मानकर यातायात पुलिस चौकी मालवीय चौक के पास जबलपुर के अधिकांश पेपर हॉकर को रेनकोट वितरण किया जिसमें आकाश प्यासी के साथ गीता रावत प्रदेश प्रभारी महिला प्रकोष्ठ, जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नीलम मानेकर, एवं प्रदेश संगठन प्रभारी राकेश सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष निशा अहिरवार ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मधु जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित हुए रेनकोट पाकर अखबार वितरको के चेहरे में मुस्कुरान आई एवं सभी ने संस्थान के सभी सदस्यों का आभार जताया ।

## पार्षद मद से जल्द पूरे होंगे शहर में 30 लाख के विकास कार्य

**नेता प्रतिपक्ष के प्रयासों से कमिश्नर ने दिया आश्वासन**



जबलपुर,यशभारत। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष के प्रयासों का असर अब दिखने लगा है। जिसको लेकर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने ननि कमिश्नर स्वप्निल वानखेड़े के साथ भाजपा पार्षद दल की एक बैठक आयोजित की जिसमें निगमायुक्त ने आश्वासन दिया कि शहर के सभी वार्डों में वर्ष 2023-24 में पार्षद मद के तहत 30 लाख रुपए के विकास कार्य जल्द पूरे करवाएं जाएंगे। विदित हो कि पिछले कई दिनों ने नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल नगर निगम के वार्डों में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा करवाने प्रयासरत थे। नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने बैठक के दौरान महापौर पर निशाना साधते हुए कहा कि महापौर ने भाजपा पार्षद दल की कोई मदद नहीं है, उनके द्वारा की गई तमाम घोषणाएं वहीं की वहीं रखीं हैं।बैठक के दौरान भाजपा पार्षद दल के पार्षदों की उपस्थिति रही।

## मशालें लेके उठे हो तो क़सम भी खाओ हम चराग़ों को जलाएंगे मकानों को नहीं

**सग़ीर रियाज़ एवं नज़र निज़ामीकी याद में विमर्श एवं रचना पाठ आयोजित**

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा जबलपुर के द्वारा सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत सग़ीर रियाज़ एवं नज़र निज़ामी की स्मृति में विमर्श एवं रचना पाठ का आयोजन श्री जानकी रमण महाविद्यालय, में जिला समन्वयक राशिद राही के सहयोग से किया गया। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जबलपुर के कार्यक्रम में यहां के प्रसिद्ध साहित्यकारों एवं शायरों नज्म निज़ाम एवं सग़ीर रियाज़ को याद किया जा रहा है। नज्म निजामी पारंपरिक शायरी के साथ आधुनिक लेखन शैली के लिए जाने जाते थे। उनके कलाम में सूफियाना चिंतन स्पष्ट दिखाई देता था। वहीं दूसरी साहित्यिक हस्ती हैं सगीर रियाज, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सदैव सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समन्वयक राशिद राही ने बताया कि विमर्श एवं रचना पाठ दो सत्रों पर आधारित था। प्रथम सत्र में दोपहर 3 बजे तलाशे जौहर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें ज़िले के नये रचनाकारों ने तात्कालिक लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल के रूप में छिंदवाड़ा की प्रसिद्ध शायरा दीपशिखा सागर एवं दमोह के मशहूर शायर शाहिद दमोही मौजूद रहे ।

## शांति, सद्भाव और भाईचारे से मनाए मुहर्रम का पर्व

**जबलपुर, यशभारत।** मोहर्रम के पर्व को लेकर आज शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक में शहरवासियों से गंगा-जमुना तहजीब की गौरवशाली परंपरा के अनुसार इस मातमी पर्व को शांति, सद्भाव और भाईचारे से मनाने की अपील की गई। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में मोहर्रम के मद्देनजर सभी आयोजन स्थलों, ईदगाहों एवं ताजिया विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई तथा पेयजल आपूर्ति के समुचित इंतजाम किये जाने पर विचार विमर्श किया गया तथा बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों और विद्युत की निर्बाध आपूर्ति पर जोर दिया गया। शांति समिति के सदस्यों द्वारा बैठक में रानीताल स्थित कर्बला की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने का आग्रह किया गया। इसके साथ ही फ्लाई ओव्हर के निर्माण वाले हिस्से की सड़कों की मरम्मत करने की अपेक्षा प्रशासन से की गई। मोहर्रम पर आयोजित किये जाने धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी भी शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में दी। सदस्यों ने आयोजन समितियों से बिजली की सजावट सड़कों को क्रास करते हुये न करने का आग्रह किया तथा परम्परागत अयोजनों के अलावा किसी प्रकार के नये आयोजन न करने की सलाह दी। सदस्यों ने त्यौहार के दौरान शहर की फिजा बिगाड़ने का प्रयास करने वाले तत्वों पर कठोर कार्यवाही करने का आग्रह भी बैठक में किया। पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी ने शांति समिति के सदस्यों से मोहर्रम का पर्व शांति और सद्भाव के वातावरण में संपन्न कराने सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होनें कहा कि समिति के सदस्य भी कानून व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण सूचनायें पुलिस अधिकारियों को दें, ताकि तत्काल जरूरी और सख्त कदम उठाये जा सके।



**ताजिये का इतिहास है बहुत पुराना**

# मुहर्रम में बनते है 50 छोटे बड़े ताजिया

**जबलपुर यशभारत। शहादत के पर्व मुहर्रम का प्रमुख आकर्षक ताजिया है। ताजिये का इतिहास बहुत पुराना है। ताजिये हज़रत इमाम हुसैन के कर्बला स्थित रोजाए मुबारक की आकर्षण झांकी के रूप मे बनाये जाते हैं। जबलपुर मे मुहर्रम के मौके पर लगभग 50 छोटे बड़े ताजिये बनाये जाते है। मुहर्रम की नो एवं दस तारीख को ताजिये जब निकलते है , तब अक़ीदतमंद अपने मासूम बच्चों को ताजिये के नीचे से निकालते हैं।**




ताकि उनके बच्चे साल भर स्वस्थ और निरोगी रहे। मंडी मदार टेकरी तकिया के मशहूर ताजियादार बाबा शमीम शाह एवं बाबा कलीम शाह के घराने मे सात पीढ़ियों से ताजिये निर्माण का कार्य किया जा रहा है। श्री शाह के अनुसार बड़ती महंगाई की मार का असर इसमे भी पढ़ा है पहले काम लागत के ताजिये बन जाते थे अब लागत महंगाई के चलते कई गुना बड़ गई है।

**मन्नत वाला ताजिया-** सूफी बुजुर्ग हज़रत गुल बाबा अशरफी का कायम किया गया खानकाही ताजिया मंडी मदार टेकरी मे रखा जाता है। हज़रत मखदूम अशरफ सिमनानी कमेटी की निगरानी मे ताजिये का निर्माण किया जाता है। अवाम मे ये ताजिया मन्नत वाले ताजिया के रूप मे लोकप्रिय है।

**सवारी -** ताजिये के बाद मुहर्रम आकर्षक सवारी है। जबलपुर मे लगभग 300 सवारी रखी जाती बड़ी तादाद मे हिंदू धर्मावलंबी भी सवारी रखते हैं सदर मे पेंटीनाका स्थित वाहिद बाबा, अफरोज कमेटी द्वारा चांदी की बनी हुई सवारी सदर आकृष्ण का केंद्र बन रही । मुहर्रम की सातवी तारीख को हज़ारो की तादाद लोग देखने पहुचेंगे । कमेटी ने पुलिस व्यवस्था की मांग की है। गढ़ा के पुराने मुजावर परंपरागत फूल मखाने की गोल सवारी बनाते हैं। कौमी एकता के प्रतीक शाहीनाका दादा दरबार मे 6 मुहर्रम को जिक्रे शहादतेन का एहतेमाम किया गया है।

## एमएलबी स्कूल में प्रतिभावान छात्राओं का हुआ सम्मान



जबलपुर ,यशभारत। महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में, तथा कक्षा 10वीं और 12वीं में स्कूल में प्रथम आने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीएसपी आरके गौतम रहे, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रभा मिश्रा ने शाल श्रीफल से स्वागत किया और अपने उद्बोधन में प्रतिभावान छात्राओं के संबंध में बताया। उपप्राचार्य श्रीमती मोनिका ववेले, परीक्षा प्रभारी श्रीमती राधा शुक्ला के अतिरिक्त अन्य शिक्षिकायें,और पूर्व छात्राओं ने भी भाग लिया, कक्षा नवमी से 12वीं तक की लगभग 500 छात्राएं समारोह में उपस्थित रहीं मंच संचालन समिता जग्गी ने किया, छात्राओं को पुरस्कार वितरण में सुधी फाउंडेशन की श्रीमती आराधना साहू ,श्रीमती विभा पटेल ,डॉ श्रद्धा श्रीवास्तव तथा अशोक के द्वारा एक ओर चेक के रूप में धनराशि देकर , वहीं दूसरी ओर विद्यालय की प्राचार्य द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा बारहवीं में विज्ञान और गणित संकाय में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं निहारिका पटेल एवं पवित्रा नामदेव को प्रज्ञा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया तथा कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी सूचि गौतम को भी प्रज्ञा सम्मान से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम को सुधि फाउंडेशन की श्रीमती आराधना साहू ने , प्राचार्य प्रभा मिश्रा एवं उप प्राचार्य तथा मुख्य अतिथि आरके गौतम ने संबोधित किया, सभी छात्राओं को अपनी सुरक्षा और अपने पालकों के सम्मान को ध्यान रखते हुए, विद्या अध्ययन और उन्नति करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मंच संचालन कर्ता समिता जग्गी के द्वारा किया गया। जिन कक्षाओं की छात्राएं कक्षा में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय आई हैं, उनकी कक्षा शिक्षका को भी सम्मानित किया गया है। संपूर्ण कार्यक्रम में उल्लेखनीय है कि पूर्व छात्राओं ने धनराशि एकत्र कर 12वीं की दोनों एवं दशमी की एक छात्रा को अलग से भी धनराशि देकर सम्मानित किया। विद्यालय के संपूर्ण कार्यक्रम में सुधि फाउंडेशन की आराधना साहू जो एमएलबी स्कूल की पूर्व-छात्रा भी हैं की टीम के द्वारा भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका अदा की है, प्रतिभावान छात्राओं के अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया,अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।


















# चैरिटी कमिश्नर मुंबई से अनुमति लिए बगैर 1 करोड़ 37 लाख 50 हजार में बेच दी चर्च की जमीन

## ईओडब्ल्यू ने 11 लोगों पर दर्ज की एफआईआर

## रामपुर स्थित मेथोडिस्ट चर्च का मामला

**जबलपुर, यशभारत।** रामपुर स्थित मेथोडिस्ट चर्च की करीब 1 करोड़ 37 लाख 50 हजार की जमीन को चर्च के पदाधिकारियों ने भू-माफियाओं के साथ मिलकर बेच दिया जिसकी शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने चर्च के सदस्यों और बिल्डरों सहित कुल 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। जमीन बेचने से पहले चैरिटी कमिश्नर मुंबई से अनुमति लेना अनिवार्य होता है लेकिन ऐसी कोई अनुमति भी नहीं ली गई। जानकारी के अनुसार मनीष गिडियन ने अपने साथियों के साथ मिलकर करीब 1 करोड़ 37 लाख 50 हजार की जमीन को बिल्डरों के साथ मिलकर बेच दी थी। ईओडब्ल्यू डीएसपी एवी सिंह ने बताया कि जिन आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया उनमें रवि थे डोर ,जेपी कैनेलियस ,मनीष गिडीयन ,रवि प्रसाद ,महेश कुमार दुदानी, रसमीत सिंह मल्होत्रा, रविकांत अग्रवाल, महेश कुमार ननकानी,



घनश्यामदास ननकानी, महेंद्र सिंह गुजराल, मोनानगी डेनियल शामिल हैं। जानकारी के अनुसार आवेदक राजेश सिलास की शिकायत पर ईओडब्ल्यू जबलपुर उक्त कार्यवाही की गई है।

### दो दिन पहले प्रशासन ने कब्जे में ली थी जमीन

राजस्व विभाग के नाम हुई मेथोडिस्ट चर्च की करीब पौने सात एकड़ जमीन और उस पर बने भवनों का कब्जा लेने जिला प्रशासन का अमला पुलिस बल और नगर निगम अमले के साथ पहुंचा था। इस दौरान अमले ने सभी दुकानों का पंचनामा बनाया था और सभी को सूचित कर दिया था कि यह संपत्ति अब शासन की है। इसके लिए प्रशासन ने मौके पर अधिग्रहण की सूचना भी लिखवा दी थी। और लाल पेंट से लिखवाया था कि यह संपत्ति शासन की है। विदित हो कि अपर कलेक्टर न्यायालय ने एक आदेश में मेथोडिस्ट चर्च इन इंडिया की नेपियर टाउन स्थित संपत्ति को शासन की संपत्ति घोषित करने का आदेश दिया था।

" ऐसे भूमाफिया जो सांठगांठ कर भूमि की खरीदी बिक्री में शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे हैं, राजस्व की हानि पहुंचा रहे हैं इनके खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**राजेश कुमार मिश्रा,**
**एसपी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर**



# 5076 अग्निवीर उम्मीदवार पहुंचे भाग्य आजमाने

## पहले चरण में 997 में से 173 उम्मीदवार हुए सफल

**जबलपुर यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर में सेना द्वारा आयोजित अग्निवीरों के शारीरिक परीक्षण में कुल 5076 उम्मीदवार शारीरिक परीक्षा देने पहुंचे।जिसमें पहले चरण में 997 उम्मीदवारों को परीक्षण के लिए बुलाया।पहले चरण में 177 उम्मीदवार दौड़ सहित अन्य शारीरिक परीक्षा में सफल घोषित किए गए। उल्लेखनीय है कि 21 जुलाई के रात 12बजे के बाद 22 तारीख शुरू होते ही पांच हजार से ज्यादा उम्मीदवार मौके पर पहुंच गए थे।जो रात डे? बजे के बाद पहुंचे उन्हें निराश वापिस जाना पड़ा।दो बजे शुरू हुई परीक्षा में पहले चरण में997 उम्मीदवार बुलाये गये. इनमें से 877 को फिट पाये गए।जिसमें बालाघाट के 214 जबलपुर के327मंडला के60और कटनी के276 उम्मीदवार मापदंड में सही रहे।इसके बाद अन्य प्रतियोगिता हुई।जिसमें अंतिम चरण में 173 उम्मीदवार चयनित हुए।शेष की परीक्षा अगले चरण में होगी।शारीरिक परीक्षा में सफल उम्मीदवार का चिकित्सीय परीक्षण होने के साथ उन्हें प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।

# नया मोहल्ला के लंगर-ए आम में हजारों लोगों ने की शिरकत



**जबलपुर,यशभारत।** मोहर्रम शरीफ के पावन पर्व पर नया मोहल्ला में अब्दुल्ला उस्ताद अखाड़ा कमेटी की जानिब से मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हामिद अहमद सिद्दीकी साहब की सरपरस्ती में लंगर ए इमाम अली मुकाम का एहतेमाम किया गया। लंगर ए आम में नायाबे मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश मुशाहिद रज़ा कादरी (मुशाहिद मियां), खिताब ए एशिया सैय्यद कौसर रब्बानी क़िब्ला साहब शामिल हुए जहाँ सुबह 9 बजे कुरानख्वानी का एहतेमाम किया गया जहाँ मदरसे के बच्चों के द्वारा तिलावते कुरान पढ़ा गया और मस्जिदों के इमाम साहबो ने नातख्वानी पढ़ी गयी। इस दौरान नायाबे मुफ़्ती आज़म मध्यप्रदेश मुशाहिद रज़ा कादरी साहब और सैय्यद कौसर रब्बानी ने देश प्रदेश और जबलपुर शहर के लिए खुशहाली की दुआ मांगी। कमेटी के लोगों ने बताया पिछले 30 सालों से कमेटी के द्वारा मोहर्रम शरीफ की 3 तारीख को लंगर ए इमाम अली मुकाम का अयोजन किया जाता है जहां जबलपुर शहर के हजारो लोग लंगर ए आम में शिरकत करते हैं।

# दबंगों ने कब्जा करके हड्डी गोदाम के गेट में लगाया ताला

## पीड़ित रहवासियों ने कलेक्टर के नाम की शिकायत

**जबलपुर,यशभारत।** ठक्कर ग्राम हड्डी गोदाम के के सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के नागरिकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुंचकर अधिकारी को शिकायत की कि वे लोग पिछले कई कई वर्षो से हड्डी गोदाम क्षेत्र में निवास कर रहे हैं जहां उनके मैदान पर कुछ दबंगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है ।कई बार शिकायत देने के बाद भी अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया है जबकि कलेक्टर के द्वारा कब्जा हटाने के लिए आदेश भी कर दिया गया था।क्षेत्रीय रहवासियों ने दबंगों के कब्जे को हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि



स्थानीय नागरिक मैदान का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं जहां दबंगों के द्वारा गेट पर ताला लगाया गया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर नीरज कमल ने कहा कि हड्डी गोदाम के गेट को हटाने की मांग क्षेत्रीय रहवासियों द्वारा की गई है। शिकायत से संबंधित एसडीएम को अवगत करा दिया गया है।

# खंडेलवाल महिला मंडल का हरियाली उत्सव

**जबलपुर, यशभारत।** खंडेलवाल महिला मंडल,जबलपुर ने अपना हरियाली उत्सव कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा - भक्ति और उत्साह - उमंग के साथ मनाया। च गृहिणी च थीम पर आधारित कार्यक्रम में सुंदर नृत्यों, कैटवॉक, तंबोला आदि प्रोग्राम्स का आयोजन किया गया। श्रेया खंडेलवाल ने अपने हास्य अभिनय से दर्शकों को खूब हंसाया - गुदगुदाया। सावन पर आधारित सुंदर नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। वहीं मिस इंडिया किड 6 वर्षीय यामी खंडेलवाल की अगुवाई में युवा एवं वरिष्ठ महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक वेशभूषा में कैटवॉक करके फैशन का जलवा भी बिखेरा गया। शक्ति, अंकिता, अभिलाषा, सीमा, नीता, किरण, मंजू , अनीता, मीना, सावित्री, नेहा, पूजा, सुधा, कीर्ति,पूनम, राधा, पुष्पा, श्रेया आदि ने व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। अध्यक्ष शक्ति खंडेलवाल ने आभार प्रदर्शन तथा पूनम खंडेलवाल ने मंच संचालन किया। प्रीति पूर्ण स्वरूचि भोज से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नकाबपोश बदमाशों ने तोड़े वाहन, घरों के कांच फोड़े

## ब्रजमोहन नगर में बीती देर रात वारदात



**जबलपुर,यशभारत।** रामपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बृज मोहन नगर में बीती देर रात नकाबपोश बदमाशों ने बेसबॉल के डंडों से स्कूटी, बाइक और ऑटो में तोड़फोड़ कर दी। जब मन इतने में नहीं भरा तो बदमाशों ने यहां रहने वाले लोगों के घरों की खिड़कियों के कांच फोड़ दिए। हैरानी की बात तो ये रही कि जब क्षेत्रीय रहवासी शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे तो पुलिस ने कोई भी कार्रवाई करने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि तुम लोग ही गलत हो। जिसके बाद क्षेत्रीय रहवासियों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होनें रामपुर पुलिस चौकी का घेराव कर दिया। इस अवसर पर रत्ना बर्मन, प्रीति कुशवाहा, शिवानी ठाकुर, अन्नू चतुर्वेदी, वर्षा जैन, रोशनी विश्वकर्मा, दुर्गा चौधरी, वर्षा, रोशनी रैकवार, राजकुमारी वर्मन, रंजना ठाकुर, भगवती चौहान, लक्ष्मी अहिरवार, सलमा बानो सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नवभारत साक्षरता अभियान से स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था चरमराई

### मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन ने उठाई आवाज

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन ने आयुक्त, राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल और शासन-प्रशासन को शिकायत पत्र भेजकर मांग की है कि नवभारत साक्षरता अभियान में संलग्नीकरण व्यवस्था समाप्त करें । संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुरने कहा कि विगत दिवसों में जब राष्ट्रीय साक्षरता नवभारत साक्षरता अभियान के आरंभिक दौर में शासन ने प्रदेश के भिन्न- भिन्न विभागों के साथ मिलकर कर प्रदेश के कोने-कोने में असाक्षरों को साक्षर बनाने की योजना बनाई थी किन्तु अन्य विभागों ने धीरे-धीरे अपना-अपना पल्ला झाड़ लिया। किसी स्कूल में मात्र दो शिक्षक थे।अब वहां मात्र एक शिक्षक ही बचा है, ऐसे में वो शेष एक शिक्षक नन्हें -मुन्ने बच्चों को पढ़ायेगा कि शासन एवं वरिष्ठ कार्यालय की जानकारियां ,मीटिंग्स एवं शाला के भिन्न -भिन्न कायज़ करेगा। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के दिलीप सिंह ठाकुर, जी आर झारिया, भास्कर गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, आकाश भील, आदेश विश्वकर्मा, नितिन तिवारी, धर्मेंद्र परिहार, शैलेश पंड्या सहित अन्य ने हस्ताक्षरित शिकायत पत्र आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल को प्रेषित किया है।

# धर्म का आधार ग्रंथ है: हिमांशु महराज

**जबलपुर, यशभारत।** धर्म का आधार ग्रंथ है ,श्री मद भागवत महापुराण के श्रवण से जीव को परम सुख की प्राप्ति होती है। धर्म का आश्रय लेने से जीव का जीवन सरल होता है। मन में शांति प्राप्त होती है। भगवताचार्य पंडित श्री हिमांशु कृष्ण त्रिपाठी जी महराज ने जबलपुर पहुंच कर भक्तों से धर्म मय चर्चा करते हुए यह भी कहा की जीवन में सुखी रहना है तो जीव को सदा कीर्तन करते रहना चाहिए। धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। शाही तलाब गंगा नगर, संजीवनी नगर गाढ़ा जबलपुर मेंभगवताचार्य पंडित श्री हिमांशु कृष्ण त्रिपाठी जी महराज की कथा 25 जुलाई से 8 अगस्त तक चलेगी। ज्ञान यज्ञ कथा का लाभ प्रतिदिन 3 से 6 बजे तक प्राप्त होगा। भागवत कथा में धर्म लाभ लेने श्री रमेश, श्रीमती नीलम तिवारी, अटल उपाध्याय, सुभांसु, सुरेंद्र , त्रिपाठी, अजय पांडे, श्रीमती सरोज पांडे, सतीश उपाध्याय, अजय दुबे, मनोज खन्ना ने पहुंचने की अपील की है।

# साकेत एक्सप्रेस से नाबालिग का अपहरण, जीआरपी ने किया दस्तयाब



**जबलपुर, यशभारत।** मुंबई से चलकर फैजाबाद जाने वाली साकेत एक्सप्रेस से एक नाबालिग का अपहरण के मामले में मदन महल जीआरपी टीम द्वारा और सूरतलाई ग्राम से दोनों को दस्तयाब कर न्यायालय में पेश किया गया उल्लेखनीय की पुलिस अधीक्षक रेल शिमाला प्रसाद द्वारा बच्चों के अपहरण एवं पतासाजी करने के लिए जीआरपी को सख्त निर्देश दिए उक्त निर्देश के परिपालन में रेल डीएसपी लोकेश मार्को जीआरपी थाना प्रभारी एवं मदन महल चौकी प्रभारी राजेश राज आरक्षक विनय मिश्रा साइबर सेल से रवि मांझी एवं सागर उपाध्याय द्वारा कार्रवाई की गई। इस संबंध में मदन महल जीआरपी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्टूबर 2022 में सतना निवासी एक परिवार साकेत एक्सप्रेस में मुंबई से सतना की यात्रा कर रहा था इसी दौरान गाड़ी मदन महल स्टेशन में रुकने के बाद आरोपी रविंद्र उर्फ रब्बू पिता घड़ा सिंह नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया था पीड़ित पक्ष द्वारा इस घटना की रिपोर्ट मदन महल जीआरपी में दर्ज कराई गई थी इसके बाद जीआरपी द्वारा नाबालिक की तलाश की जा रही थी इसी दौरान साइबर सेल की मदद से अपहरण कर्ता की लोकेशन सूरतलाई गांव में मिलते ही जीआरपी टीम मौके पर रवाना हुई जहां से दोनों को दस्तयाब कर लिया गया।

# सैन्य अफसरों की ठेकेदारों पर दरियादिली

## फर्मों को बिना काम के कर दिए भुगतान

**जबलपुर,यशभारत।** गैरीसन इंजीनियरिंग(पूर्व) और मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस के अधिकारियों ने फर्मों को बिना काम के तो भुगतान किया ही, लेकिन कई ऐसे भुगतान भी कर दिया, जो तय लागत से ज्यादा थे। करीब लागत से दस प्रतिशत अधिक तक भुगतान होना पाया गया है। इस मामले में सीबीआई जांच तेजी से की जा रही है।

### सैन्य अफसर भी कर रहे जांच

दरअसल ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के मामले में अफसरों की मनमानी उस वक्त सामने आई जब शिकायत के बाद विभागीय जांच के लिए सैन्य अफसरों की जांच कमेटी बनाई गई। जांच कमेटी में लेफ्टिनेंट कर्नल मोहन सिंह, एसओ-वन (प्रशासन), मुख्यालय सीई जबलपुर समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। अफसरों ने जांच के दौरान निविदाओं दस्तावेजों, अनुबंध समझौतों और माप पुस्तकों (एमबी) की जांच की। उन जगहों का भी निरीक्षण किया, जहां फर्मों द्वारा काम किए जाने का दावा किया गया था। सीबीआई ने उक्त दस्तावेजों को भी जब्त किया है, उनकी भी जांच की जा रही है।




### ये है मामला

जानकारी के अनुसार गैरीसन इंजीनियरिंग(पूर्व) और मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस के तत्कालीन गैरीसन इंजीनियर बीएम वर्मा, वर्तमान गैरीसन इंजीनियर धीरज कुमार, सहायक गैरीसन इंजीनियर राजीव भारती, मिन्टू राज, सहायक गैरीसन इंजीनियर केएन विश्वकर्मा, जूनियर इंजीनियर रत्नेश कुमार त्रिपाठी, जेई मुकेश तिवारी, जेई मनोज कुमार ने ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर 2022-2023 तक आदर्श नगर नर्मदा रोड जबलपुर के जितेन्द्र सिंह, तिलहरी छग्गर फार्म के एके बिल्डर्स और विजय नगर की आरके ट्रांसफार्मर समेत उत्तर प्रदेश सोनभद्र की शिवालिक इंजीनियरिंग वर्क्स, पालम कालोनी दिल्ली की स्काईलाइन एनकान, पश्चिम दिल्ली की रस्तोगी बिल्डर्स, डायमंड इलेक्ट्रिकल और गौतम इलेक्ट्रिक वर्क्स, उत्तर प्रदेश वाराणसी की मंगलम ट्रेडर्स को रक्षा कार्यालयों और आवासीय परिसरों में सिविल, इलेक्ट्रिकल और मेकेनिकल के कुल 59 ठेके दिए। ठेकेदारों ने काम पूरा नहीं किया। इसके बावजूद सैन्य इंजीनियरिंग सेवा ने बिना जांच और काम पूरा हुए फर्मों को 16 करोड़ 24 लाख का भुगतान कर दिया था। सीबीआई ने मामले में अफसरों और ठेकेदारों पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**यशभारत फॉलोअप**

# पशुपतिनाथ नेपाल हेतु श्रद्धालु रवाना

**जबलपुर, यशभारत।** काँच के शिव मंदिर पचपेढ़ी से श्री पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू नेपाल के दर्शन के लिए 20 लोगों का जत्था अध्यक्ष प्यारे पहलवान एवं मोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में केंट विधायक श्री अशोक रोहाणी द्वारा स्वागत करके रवाना किया गया । पिछले 11 वर्षो में यात्रा द्वारा 11 ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए गए हैं इस वर्ष 12 वा ज्योतिर्लिंग श्री पशुपतिनाथ काठमांडू नेपाल की यात्रा की जा रही है।

# छह किलोमीटर सड़क बनकर तैयार, बाकी का काम रुका, रक्षा मंत्रालय से पत्राचार जारी

**जबलपुर,यशभारत।** डूमना से एयरपोर्ट तक तैयार की जाने वाली फोर लेन सड़क के चार किलोमीटर के हिस्से में पेच फंस गया है। सैन्य क्षेत्र की इस जमीन पर सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है वजह सेना की बंदिश। सेना ने इस जमीन में रोड बनाने के लिए 54 करोड़ रुपये की मांग की है। यह रकम लोक निर्माण के कुल प्रोजेक्ट के करीब है ऐसे में विभाग ने राज्य सरकार के पास इस प्रस्ताव को भेजा है। बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है फिलहाल सांसद स्तर पर भी केंद्रीय रक्षा मंत्रालय से वार्ता कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात हो कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से डुमना एयरपोर्ट के बीच 10.1 किमी लंबी फोर लेन सड़क का निर्माण हो रहा है। इसकी लागत करीब 60 करोड़ रुपये है। इसमें 11 अंडरपास और दोनों तरफ सड़क के किनारे फेसिंग लगाई जा रही है ताकि वन्य जीव सड़क पर न आ सके। इस सड़क के लिए 11 अंडरपास प्रस्तावित किए गए हैं। इन्हें 10 फीट लंबे एवं 20 फीट चौड़े बनाए जा रहे हैं। अंडर पास के नीचे से आसानी से छोटे बड़े जानवर अकेले अथवा झुंड के साथ आ जा सकें इस बात का प्रावधान रखा गया है। जून तक इसका निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। निर्माणाधीन फोरलेन सड़क 7-7 मीटर की चौड़ाई वाली होगी। जिसके बीच में सेंट्रल डिवाइडर होगा वहीं स्ट्रीट पोल भी लगाए जा रहे हैं सेना मुख्यालय ने लोक निर्माण विभाग से 54 करोड़ रुपये मांगे है। सेना की करीब चार हेक्टेयर जमीन की जरूरत लोक निर्माण विभाग को सड़क के लिए है। इसके लिए सेना ने जो राशि मांगी है वह प्रोजेक्ट के बराबर है। इसलिए विभाग ने फिलहाल इस संबंध में राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा है। अभी तक सड़क का काम पूरा हो जाना था लेकिन सेना से मंजूरी नहीं मिलने की वजह से काम अटका हुआ है।


## नाम सुधार

मैं देवकी नंदन पाठक पिता श्री उमा शंकर उम्र 66 वर्ष यह घोषणा करता हूँ कि यूनियन बैंक शाखा सिविक सेंटर जबलपुर में मेरा बचत खाता है जिसका खाता नं. 520101220779860 है जिसमें मेरा नाम देवकी नंदन पिता उमा शंकर दर्ज है। मेरा पूरा नाम देवकी नंदन पाठक पिता उमा शंकर है। जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। देवकी नंदन DEVKI NANDAN एवं देवकी नंदन पाठक DEVKI NANDAN PATHAK दोनो नाम मेरे अर्थात् एक ही पुरूष के है। अतः मेरे बैंक खाते में मेरे नाम का सुधार कर सही व पूरा नाम दर्ज किया जाये।

गलत नाम
देवकी नंदन **DEVKINANDAN**
सही नाम
**देवकी नंदन पाठक DEVKI NANDAN PATHAK**
पता- 3303/307, दीक्षित कॉलोनी, जबलपुर

## न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

**रा.प्र.क्र.13/अ-6/2022-2023**
**जबलपुर, दिनांक - 18/5/2023**

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक टीवडेवाला पिता/श्री कृष्ण टीवडेवाला निवासी जवाहर गंज वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर नं.ब. 773 स्थित भूमि खसरा नंबर प्लाट नं 839 शीट नं 253 में से रकवा 3691.74 वर्गफुट भूमि पर सेठ राम कुमार की मृत्यु दिनांक 03/02/1972 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती / वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8/8/23 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 18/5/2023
पेशी दिनांक - 8/8/2023
**तहसीलदार आधारताल, जबलपुर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

**रा.प्र.क्र. 0583/अ-6/2023-24**

**-: इश्तहार:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति बलिन्दर कपूर एवं अन्य एस.एस कपूर निवासी एमआई जी 47 हाथीताल जबलपुर के माध्यम से मौजा हाथीताल प.ह.नं. 24/2 ख.नं.131/7 रकवा 1637.25 वर्गफुट, विक्रेता अनिल अहुजा पिता सोहनलाल अहुजा पता रतन नगर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा / बटवारा नामा / हस्तान्तरण पत्र/हकत्याग पत्र / दान पत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है । अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 2.8.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 18/7/23 को जारी ।
जारी दिनांक-18/7/23
पेशी दिनांक- 02/8/23
**नायब तहसीलदार, गोरखपुर, जबलपुर**

## पश्चिम मध्य रेल

विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा)
जबलपुर • ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा 2023-06, दिनांक 19.07.2023

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित करते है। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हो) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। 1. कार्य का नाम: जबलपुर स्टेशन पर कटनी छोर की ओर 250 मीटर तक साईडिंग लाइन के विस्तार के संबंध में टीआरडी/ओएचई कार्य। 2. कार्य स्थल: जबलपुर मण्डल। 3. कार्य की अवधि: 9 माह। 4. कार्य की कीमत (टेंडर वैल्यू): ₹ 67,59,112.25 (₹ सड़सठ लाख उनसठ हजार एक सौ बारह पच्चीस पैसे मात्र)। 5. बयाना राशि: ₹ 1,35,200/-. 6. निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय: 10.08.2023, 15.00 बजे/ 10.08.2023, 15.30 बजे। 7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट: https://www.ireps.gov.in. 8. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https:// www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वाइण्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

कोरोना से बचाना है दूरी तो वैक्सीन लगवाना है जरूरी।

## श्री राम कॉलेज के छात्रों को मिला 4.2 लाख का पैकेज

**जबलपुर :** श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा एक्सेस बैंक के कलेज कैम्पस में श्री राम कॉलेज के एमबीए विभाग 6 छात्रों का चयन किया गया, श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि उक्त छात्रों को 4.2 लाख का सालाना पैकेज पर लिया गया है, साथ ही एम्ट्रेक्स सिंटेल में 1 छात्र का चयन 8 लाख, फिनर एनर्जी सर्विस में 5 छात्र का चयन 3 लाख, मेग्ना थूमा प्रा.लि. में 1 छात्र का चयन 5.7 लाख, इंफोसिस में 1 छात्र का चयन 6.25 लाख, हैकिन एयरकंडीशन इंडिया प्रा.लि. में 1 छात्र का चयन 5 लाख, लर्निंग शाला में 2 छात्रों का चयन 5.76 लाख, पिक पॉवर ट्रायल में 6 छात्रों का चयन 5 लाख, कार्बोरडम में 4 छात्रों को अच्छे सालाना पैकेज पर चयनित किया गया साथ ही फार्मेसी के 14 छात्रों का चयन टीसीएस सिग्मा हायरिंग के लिये किया गया है। इसके साथ ही इस सप्ताह में निम्नलिखित अन्य मल्टी नेशनल कम्पनियों द्वारा भी कॉलेज के छात्रों की चयन प्रक्रिया जारी है जिसमें पिक पॉवर ट्रायल, क्रेटोमेक्स, डीबीजी टेक्नोलॉजी इंडिया प्रा.लि. इनमोबिडू टेक्नोलॉजी, हिल्टन वाल्वेस प्रा.लि. गौतम मोदी ग्रुप के द्वारा आदी मुम्बई वेस्ट, महिन्द्रा, एमजी हेक्टर एवं हुंडई जैसी बड़ी कम्पनियों के लिये हायरिंग की जा रही जैसी बड़े पैकेज की कम्पनियां शामिल है जो आने वाले सप्ताह में अपनी चयन प्रक्रिया पूर्ण कर चयनित छात्रों को उपरोक्त पैकेज के ऑफर लेटर प्रदान करेंगी। श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के तत्वाधान में पावर एनर्जी एवं इंफ्रा सेक्टर में रोजगार की संभावना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 18 जुलाई 2023 को किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता अडानी ग्रुप से आये मोहन जाधव (ग्रुप हेड टैक्नीकल ट्रेनिंग) रहे, साथ ही श्री राम कॉलेज के डायरेक्टर जनरल डॉ. एल के पटेल, ग्रुप डायरेक्टर योगेश मोहन दुबे एवं प्राचार्य डॉ. शैलेश गुप्ता के विशेष मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया, यह पहला अवसर है जब अडानी ग्रुप द्वारा इस तरह का आयोजन जबलपुर में पहली बार हुआ है यह जबलपुर के साथ-साथ महाकौशल के लिये गर्व की बात है।

वि.वि.

## सेहत

# आभासी दुनिया छोड़ लक्ष्य पाने का समय

तकनीक से मिली अनगिनत सुविधाओं के साथ-साथ जीवन की सहजता खो जाने की स्थितियां भी इन्सानों के हिस्से आई हैं। ि?दगी के हर पहलू को असहज करने वाले बहुत से खामियाजों में दिलो-दिमाग का ठहराव खो जाना सबसे ऊपर है। यों तो गैजेट्स में गुम होकर अपनी प्राथमिकताओं पर फोकस न कर पाने की उलझन हर आयु वर्ग के लोगों के हिस्से है पर युवा इस वर्चुअल भटकाव में जरा ज्यादा फंसे हैं। जबकि उम्र के इस प?ाव पर हर पल भविष्य की बेहतरी में लगाने का है। अपने सपनों को पूरा करने में जुट जाने का है। ऐसे में नई पीढ़ी को फोकस्ड रहने की दरकार है।

### प्रभावित हो रही पढ़ाई

जर्नल ऑफ कंप्यूटर असिस्टेड लर्निंग में प्रकाशित शोध के मुताबिक, आभासी दुनिया युवाओं को वास्तविक संसार से दूर कर रही है। अध्ययन में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े डिग्री कोर्स कर रहे 285 विद्यार्थियों को शामिल किया गया। शोध में विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तरीके, चिंता, अकेलापन, पढ़ाई और प्रेरणा का आकलन करने पर शोधकर्ताओं ने पाया कि इंटरनेट की लत और पढ़ाई के लिए प्रेरणा के बीच एक नकारात्मक रिश्ता है। जिसका अर्थ है कि जिन विद्यार्थियों को इंटरनेट की लत पड़ जाती है, उनके लिए पढ़ाई करना कठिन हो जाता है। ऐसे छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं में बेचैनी भी ज्यादा होती है। इतना ही नहीं, इंटरनेट की लत के कारण अकेलापन भी घेरता है। कुल मिलाकर उनकी मनःस्थिति अकादमिक गतिविधियों को मुश्किल बना देती है। जरूरी है कि डिजिटल दुष्प्रभावों के चक्रव्यूह में फंसे युवा चेतें। इंटरनेट के इस्तेमाल की लत और जरूरत का फर्क समझें।

### समय लीलता सोशल मीडिया

अध्ययन में शामिल करीब एक-चौथाई विद्यार्थियों ने माना कि वे हर रोज 4 घंटे से ज्यादा समय ऑनलाइन बिताते हैं। वहीं अन्य विद्यार्थियों ने हर दिन 3 घंटे ऑनलाइन रहने की बात कही। इनमें से 40 फीसदी छात्र-छात्राएं इंटरनेट का इस्तेमाल सोशल नेटवर्किंग के लिए और 30 प्रतिशत अन्य जानकारियां जुटाने के लिए करते थे। जबकि मन को भटकाने के मामले में सोशल मीडिया पर की जा रहीं गतिविधियां सबसे आगे हैं। तकलीफदेह है कि सामाजिक जुड़ाव और अपरिचितों तक से बातचीत कर लेने की परिपाटी वाले भारतीय समाज में अब हर उम्र के लोग स्क्रीन में आंखें ग?ाये दिखते हैं। रिसर्च फर्म रेडसियर के अनुसार, भारतीय यूजर्स हर दिन औसतन 7.3 घंटे अपने स्मार्टफोन में झांकते रहते हैं। इनमें अधिकतर लोग टाइम सोशल मीडिया स्क्रोलिंग में लगे रहते हैं। इससे मन का उद्वेलन और शारीरिक परेशानियां हर आयु वर्ग में पैदा हो रही हैं। भविष्य बनाने की उम्र में युवाओं के पढ़ने-लिखने की दिनचर्या पर प? रहा दुष्प्रभाव चिंतनीय है पर इससे बचने की राह भी स्वयं युवाओं को तलाशनी होगी। सबसे जुड़कर खुद से दूर हो जाने की इन स्थितियों से बचने के लिए समय प्रबंधन आवश्यक है।

# तनाव भी दूर करते हैं सावन के झूले

भारत की धरा पर हरियाली लाने वाले सावन के आने का भला किसे इंतजार नहीं होता। इस पूरे महीने युवतियों-महिलाओं के मन झूमने लगते हैं। न जाने किन-किन कल्पनाओं के झूलों में वे खो जाती रही हैं। एक जमाना हुआ करता था जब सावन के आगमन पर बाग-बगीचों, खुले मैदानों और यहां तक कि घरों में भी झूले पड़ जाया करते थे। खासकर, हरियाली तीज के उपलक्ष्य में हमजोली युवतियां-महिलाएं एकत्र होकर सामूहिक लोकगीतों के साथ झूला झूलती थीं। मगर बदलाव की प्रवृत्ति के चलते आलम यह है कि ऐसे झूले करीब-करीब यादों तक ही सिमट कर रह गए हैं। लेकिन अब भी गांव-देहात में झूले डाले जाते हैं। बच्चे तो झूल ही लेते हैं। कुछ शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाएं भी तीज मनाने के लिए झूले झूलने के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। लेकिन पहले जैसा झूला झूलने का माहौल नहीं नजर आता है। दरअसल आधुनिकता की दौड़ में हम जैसे अपनी संस्कृति के अंग रहे रीति-रिवाजों को भूलते जा रहे हैं। वैसा ही कुछ झूलों के साथ हुआ। इसके बावजूद कि भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परंपरा वैदिक काल से ही चली आ रही है।

### प्रेम और प्रकृति से जुड़ी परंपरा

पुराणों व अन्य ग्रंथों में भी झूलने के कई उल्लेख हैं। भगवान श्रीकृष्ण के राधा संग झूला झूलने का वर्णन है। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। भले ही भारत के महानगरों में झूला संस्कृति लुप्त होती दिखाई देती है लेकिन राजस्थान के गांवों में आज भी यह परम्परा



कायम है। नवविवाहिता जब सावन में अपने मायके आती है तो उसके ससुराल वाले उसे मिठाइयों के साथ पटरी तथा झूला (रस्सी) भिजवाते हैं। राजस्थान के गांवों की बुजुर्ग महिलाओं के मुताबिक, सावन के झूले रक्षाबंधन तक बंधे होते हैं जिन पर सारे गांव की बहू-बेटियां झूलती हैं। वहीं गुजरात में तो बालकनियों में बारह मास झूले लगे देखे जा सकते हैं।

### उत्साह भरने वाला योग

कहा जाता रहा है कि बगीचों में झूला झूलना उत्साह भरने वाला होता है जो झूले नीम, बरगद और आम के पेड़ों पर डाले जाते हैं। इन पेड़ों से आक्सीजन की अच्छी खासी मात्रा शरीर को मिलती है। इससे शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ जाता है तथा मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। वास्तव में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं देता बल्कि यह स्वास्थ्यवर्द्धक प्राचीन योग है। सावन में चारों तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति भी बढ़ती है। झूलते समय दृश्य कभी पास तो कभी दूर, इन सब उपक्रमों में नेत्रों का सम्पूर्ण व्यायाम हो जाता है।

### सकारात्मक सोच

कई मनोचिकित्सकों का कहना है कि झूला झूलने के दौरान हमारे मस्तिष्क में मौजूद कुछ कैमिकल्स का स्राव तेजी से होता है जो हमारे दिमाग को सकारात्मक दिशा में सोचने के लिए आंदोलित करते हैं। इसी तरह आहार विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है तो इस मौसम में झूला झूलना फायदेमंद होता है। ताजी हवा के झोंके जठराग्नि को सुचारु रूप से चलाने में मदद करते हैं।

### अच्छी कसरत भी

झूला झूलना एक अच्छी कसरत है। बारिश के मौसम में धूल के सूक्ष्म कण, कार्बन के कण तथा कई हानिकारक तत्व जमीन पर आ जाते हैं। ऐसे में वायु शुद्ध हो जाती है क्योंकि दूसरे मौसम में ये कण वायु में मिश्रित रहते हैं। ऊपरी सतह की हवा में कुछ अशुद्धता रहती है। बारिश होने से ये कण जमीन पर बैठ जाते हैं, इसलिए झूला झूलते वक्त हमें ताजा हवा मिलती है। इसके कारण ग्रीवा की नसों में पैदा होने वाला तनाव कम पड़ता है जिससे स्मरण शक्ति तीव्र होती है।

## व्यंग्य

# भानुमति का कुंनवा

देश में 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए तमाम राजनीतिक दल मिलकर दो कुनवा बनाने की कोशिश में लगे हुये हैं। और इसके लिए जहां-तहां बैठकें भी आयोजित होती रहती है। जिनके परिणाम जनता के समक्ष पहुंच जाते हैं। फिलहाल एक कुलवे में 41 पार्टियां हैं, और दूसरे में 26 पार्टियां है। और इन सबके सामने हैं,, 130 करोड़ जनता में वे लोग जिन्हें वोट डालने का अधिकार है। अलग-अलग पार्टियां चुनाव लड़ती है, तो मतों का भी बिखराव हो जाता है, उसे रोकने के लिए यह गठबंधन बनाए गये हैं। जिस तरह देश में विभिन्न धर्म है, विभिन्न भाषाएं हैं, विभिन्न बोलियां हैं, विभिन्न रीति रिवाज है, फिर भी लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। ठीक उसी तरह विभिन्न राजनीतिक दल भी हैं। जिनकी सबकी अपनी अलग-अलग पहचान है। और विचारधारा भी सबकी अलग-अलग है, किंतु उद्देश्य एक ही है। फिलहाल एक हो जाना और लोगों को आकर्षित करना तथा अपने पक्ष में करना, अगर बिखराव रहेंगे तो सत्ता को हासिल कर पाना बहुत कठिन हो जायेगा। इसलिए यह भानुमति का कुनबा दो धड़ो मे बट गया है। हालांकि अभी भी उनके बीच में मतान्तर बहुत हैं। सभी अपने आप में विशेष हैं, और हर कोई विशेष स्थान पाने के लिए हाथ पांव फड़फड़ा रहा है। किंतु सभी आपस में एक दूसरे के हाथ पकड़कर फोटो खिंचवाकर एकजुटता प्रदर्शित करते रहते है। और फोटो अखबारों में छपवाते रहते हैं, क्योंकि अखबारों में छप जाना और मीडिया में चर्चा हो जाना बहुत बड़ा प्रचार कहलाता है। यह प्रचार का, मीडिया का, युग है, इसमें मीडिया सबसे बड़ा साधन है। जिसके पक्ष में हो जाता है,,, उसकी फूटी ढपली की भी बढ़िया धुन प्रस्तुत कर देती है। वरना बढ़िया को भी फूटी डफली जैसा प्रस्तुत कर देते है। अभी तक सिर्फ हाथ उठाकर फोटो खिंचवा कर मीडिया में भेजा गया है। बस इतना ही काम हो पाया है। गठबंधनों को एक माला का स्वरूप देना बहुत कठिन काम है। उसके लिए एक धागा की जरूरत है। जिसमें विभिन्न दल रूपी गुरियों को पिरोया जा सके, काम कठिन है, किन्तु प्रयास जारी है। देश के लिए और जनहित के लिए यह सब नेताओं की नजरों में बहुत जरूरी होता है, क्योंकि जनहित नेताओं के लिए सर्वोपरि शब्दों में से होता है। जिस की फिक्र में वह रात दिन सो नहीं पाते, सिर्फ सत्ता कैसे मिले इसी तिगड़म में लगे रहते हैं। कोई अपने द्वारा किए गए कामों को बताकर जनता की सहानुभूति और वोट लेना चाहते हैं। तो कुछ अपनी नवीन योजनाओं के माध्यम से, जिनमें जन सामान्य के लिए बहुत से आकर्षण होते हैं, उनके द्वारा सहानुभूति पाने की पूरी कोशिश रहती है। हालांकि प्रत्येक दल द्वारा आजकल फ्री सामग्री वितरण का कार्यक्रम बढ़-चढ़कर बनाया जाता है। जिससे लोगों को आकर्षित किया जा सके, इसके लिए भी विशेष विद्वानों को काम में लगाया जाता है। जो तरह-तरह की योजनाएं बनाकर प्रस्तुत करते हैं। जिससे लोग आकर्षित होने लगे, मसलन फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री अनाज, और ना जाने क्या-क्या,,,? कही की ईट कहीं का रोड़ा भानुमति ने कुनवा जोड़ा,, अर्थात विभिन्न विचारधाराओं वाले राजनीतिक दलों का एक मंच पर आना, एक विचारधारा में बंध जाना गठबंधन का एक स्वरूप होता है। जिसका मतलब सत्ता पाना ही कहा जा सकता है। देश में इस समय दो गुट तैयार हो गए हैं। जो अभी विभिन्न क्षेत्रीय दलों को अपनी और आकर्षित कर अपने गठबंधन का सदस्य बना लेना चाहते हैं। ताकि सरकार बनाते समय किसी प्रकार की समस्या ना आ सके। समस्या बहुमत की होती है, और अगर गठबंधन ने बहुमत पा लिया तो समझिए उसी गठबंधन की सरकार बनना तय हो जाता है। बिखराव में ऐसा नहीं हो पाता है। और सत्तारूढ़ दल कम प्रतिशत वोट पाकर भी सत्ता में आ जाता है। जबकि उससे बड़ा वोट प्रतिशत बाहर रहता है। यह लोकतंत्र का एक अपना गणित है। जिसे राजनैतिक दल भली-भांति समझते हैं। और उसे समझकर ही गठबंधन बनाते हैं। एक दूसरे का विरोध करना ही राजनैतिक दलों का प्रमुख लक्षण होता है। क्योंकि किसी भी पार्टी के किसी भी अच्छे काम की तारीफ किसी विरोधी दल द्वारा नहीं की जा सकती। यह राजनैतिक सिद्धांत के खिलाफ है। इसे यूं समझा जा सकता है। किसी गांव में किसी पार्टी ने कुआं खुदवा दिया है,, तो विरोधी दल यह कहेगे कि, गांव नदी से लगा हुआ है, कुंए की क्या जरूरत थी। व्यर्थ में पैसा गवा दिया। दूसरा दल यह भी कह सकता है, कुआं खोदने से पहले कुछ नियम होते हैं, उनका पालन नहीं किया गया। इसलिए कुये का पानी खारा है। पैसा खराब कर दिया गया। कुआं खोदने वाला कहेगा,, नदी से पानी लाने में महिलाओं को बहुत तकलीफ होती थी, जो हमसे देखी नहीं गई, इसलिए हमने गांव में ही पानी की व्यवस्था कर दी है। और एक कुआं खुदवा दिया। राजनैतिक सिद्धांत के तहत हर दल के द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए जाते हैं। भला है दूसरे दल वाले कुए को बख्श देते हैं, वरना उसे पुरवा भी सकते हैं, कि यह दोष युक्त कुंआ है।



सुरेष विचित्र
जबलपुर मप्र

## आपका राशिफल 23 जुलाई
शुभांक - 389



- **मेष** — सेहत गड़बड़ अर्थ लाभ संपत्ति विवाद नई योजना रहेगी ।
- **वृष** — निजी जन सहयोग क्षेत्रफल कमजोर होगा कारोबार ठीक-ठाक रहेगा ।
- **मिथुन** — उत्साह बढ़ेगा धन लाभ होगा अच्छे लोगों से मेल मिलाप होगा नई योजना बनेगी ।
- **कर्क** — धन लाभ घरेलू झंझट बढ़ेंगे कारोबार कारोबार में लाभ होगा सेहत ठीक नहीं रहेगी।
- **सिंह** — उदर विकार आर्थिक परेशानी मित्रों से मदद मिलेगी स्त्री को कष्ट हो सकता है ।
- **कन्या** — उदर विकार होगा पुराने झगड़े में मत उलझे कारोबार बेहतर हो सकता है।
- **तुला** — वायु विकार धन लाभ उत्साह बढ़ेगा संतान के लिए विशेष खर्च होगा।
- **वृश्चिक** — चोट भाई अर्थ लाभ होगा लेकिन हानि होगी गुप्त चिंता रहेगी।
- **धनु** — लड़ाई झगड़े से दूर रहें निजी जनों के विरोध का सामना करना पड़ेगा स्त्री से कष्ट होगा।
- **मकर** — नेत्र एवं सिर में कष्ट हो सकता है योजना में सफलता मिल सकती है।
- **कुंभ** — पत्रकारों का संपत्ति विवाद हो सकता है दिन मिलाजुला रहेगा।
- **मीन** — जीवन उपयोगी वस्तुओं के मामले में विवाद हो सकता है रात के भोजन को अवॉइड करें।

वर्तमान चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिखा गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

# शब्दों की माला

शब्दों की माला गूँथूँगी, अक्षर चँदन तुम ले आना
भारत का भाल निरंजन हो, आरत की थाल सजा जाना
**शब्दों की माला....**
कुसुम कुंज में खेलूँगी, फिर जाऊँगी सागर तीरे
चुन चुन तल से लाऊँगी, सीपों से सज्जित सब हीरे
इस दिव्य दृश्य की आभा में, तुम आँचल को फैला जाना
**शब्दों की माला....**
जब तान जगेगी वंशी की, तब प्रमुदित वसुंधरा होगी
शंख ध्वनि प्रक्षालन से, विश्व गीत की जय होगी
ड्योढ़ी के तोरण व्दारे में, तुम अमलतास महका जाना
**शब्दों की माला गूंथूगी...***
अंतर्घट की प्यास बुझाती, पूरनमासी आई
छिड़क रही मनमोहक रस, रह रहकर मुस्काई*
महमह महक रही बयार में सराबोर हो जाना*
**शब्दों की माला गूँथूगी...***
घर व्दारे कोयल कूकेगी, गीत फसल के गायेंगे*
बारिश के पहले पानी से पांखों को खुजलायेंगे*
मौसम की मधुर बहारों में शब्दों के बिम्ब सजा लाना*
**शब्दों की माला गूँथूगी...**
ढले दुपहिया केसर सी, फिर सुआपँखिया शाम लगे
रातों की पहरेदारी में, गीतों की पहचान जगे*
पूज्य प्रकृति के आँगन में मानस के मृदु पद गा जाना*
**शब्दों की माला गूँथूगी..***
*प्रात जागरण में विहंस उठे , नव चितवन जीवन लहराये*
*बने शारदा का आँगन, मुक्त कल्पना मुस्काये*
*स्वप्न जड़ति नीले नभ में जीवन के प्राण जगा जाना*
***शब्दों की माला गूँथूगी...***
*श्लोक सुभाषित मंगल हों, गीतों में नवनीता हो*
*प्राणों में प्रमुदित शुभ्र वर्ण सी पावन पुण्य पुनीता हो*
*उत्तुंग शिखर आलोकित हो वह काव्य केतु फहरा जाना*
***शब्दों की माला गूंथूगी....***

-राजेन्द्र मिश्रा
जबलपुर*

# साहित्यकारों का सम्मान ,लघु नाटिका



जबलपुर, यशभारत। शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र* *मुनिसुव्रतनाथ शाखा* *महिला परिषद जबलपुर तत्वावधान में एवं 105 आर्यिका श्वेत मति माता जी विदेह मति माता जी के सानिध्य में भव्य रंगारंग कार्यक्रम में साहित्यकारों का सम्मान किया गया एवं बालिकाओं को धार्मिक संस्कार एवं महत्व लघु नाटिका* द्वारा संस्कारित करना समझाया गया ।साहित्यकारों का विशेष सम्मान मुख्य अतिथि पंचायत सभा अध्यक्ष श्रीमान कैलाश चंद्र जैन पिसनहारी माढिया जी अध्यक्ष श्रीमान सतेन्द्र जैन (जुगु )राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विमला चौधरी प्रान्तीय अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी जैन सचिव निशा चौधरी प्रांतीय कोषाध्यक्ष मीना अर्चना मलैया रानी जैन साधना ,संभागीय अध्यक्ष नीलम जड़ी-बूटी अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन सचिव श्रीमती सुनीता सिघई मिश्री जैन नीता जैन कीर्ति जैन फूलबाई संध्या नीलम अरिहंत नीलिमा सुलेखा रानी बबीता पिंकी ज्योति लता रूबी आदि बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही।



रिश्ते चाहे कितने भी बुर हें उन्हें भी निभाइए। तोड़िए मत क्योंकि पानी भले ही गंदा हो प्यास न बुझा सकता हो पर आग तो बुझा ही सकता है। मैं मानता हूं रिश्ते आजकल रोटी की तरह हो गए हैं। जरा सी आंच लगी कि जल भुन कर खाक। तुम्हें भी मानना पड़ेगा कि रिश्ते कभी भी कुदरती मौत नहीं मरते, उनका हमेशा ही इंसान कत्ल करता है कभी नफरत से तो कभी नजरअंदाजी से।

-मुनिश्री तरुण सागर

# ब्रेन की हेल्थ को लेकर जागरूकता जरूरी

**जबलपुर, यशभारत।** विश्व ब्रेन हेल्थ डे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को आदित्य सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी रहे। उन्होंने कहा कि हम सभी को ब्रेन की हेल्थ को लेकर जागरूक होना चाहिए। इस मौके पर न्यूरो फिजिशियन डॉ. तरुण नागपाल ने कहा कि मरीज को केवल दवा देकर घर भेजना पर्याप्त नहीं है। विकसित देशों में मरीज के घर जाने के बाद भी डाइट, एक्सरसाइज जैसी हर बात का ध्यान रखा जाता है। हमें भी इसे अपनाना है। लकवा, मिर्गी जैसे रोगों में मरीज को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। ऐसी पॉलिसी में बदलाव के साथ जागरूकता की जरूरत है। इस मौके पर डॉ. अजय फौजदार, डॉ. आलोक अग्रवाल व डॉ. हरिशंकर चंदेल ने भी विचार रखे। उन्होंने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए दोपहिया वाहन चलाते वक्त हैलमेट लगाने पर भी जोर दिया। आयोजन में हॉस्पिटल की एचआर संपदा कुलकर्णी, जनसंपर्क अधिकारी संतोष शर्मा सहित पूरे स्टाफ का सहयोग रहा।



# जिंदगी और जीवन

जिंदगी और जीवन के संघर्ष में
मेहनत मजदूरी दर्द ,तकलीफ
,भूखा-प्यासा रहना
घर परिवार की चिंता
तपती गर्मी में
सुलझता चेहरा, दहकता सीना
पूरी तन्मयता से पसीना बहाता
क्योंकि उसकी आंखों
में पत्नी और बच्चों का
चेहरा नजर आता है।
सबकी खुशियों का
ख्याल रखना यही
दुनियां में ÷पिता÷ शब्द कहलाता है।

-शाहिद मिर्ज़ा
अधारताल जबलपुर

यश भारत
नये जमाने के साथ
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 , 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

## फिल्म वर्ग पहेली - 6233



ऊपर से नीचे :- [illegible]

बायें से दायें :- [illegible]

फिल्म वर्ग पहेली - 6232 (हल)



## सूडोकू नवताल- 6746

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल 6745 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 7746



बाएं से दाएं: [illegible]

ऊपर से नीचे: [illegible]

शब्द पहेली - 7745 का हल



» न्यूज गैलरी

## दुकान हटी तो दुकानदार टेलीफोन के टावर पर चढ़ा

भोपाल यशभारत। कोलार क्षेत्र में सिक्स लेन सड़क के निर्माण के चलते गुमठी हटने से हताश युवक शनिवार रात चूना भट्टी क्षेत्र में लगे टेलीफोन कंपनी के टावर पर चढ़ गया। करीब 80 फीट की ऊंचाई पर चढ़ने के बाद वह ऊपर से कूदने की धमकी दे रहा था।पुलिस, फायर ब्रिगेड के अमले के अलावा आसपास काफी भीड़ लग गई थी। माइक से लगातार समझाइश देने और उसे रोजगार के लिए जगह देने का भरोसा देने पर वह नीचे उतर आया। हालांकि किसी तरह की अनहोनी को टालने के लिए टावर के आसपास मजबूत जाल भी लगा दिया गया था।चूना भट्टी थाना प्रभारी नितिन शर्मा ने बताया कि बरखेड़ी निवासी 35 वर्षीय विशाल यादव भोज विश्वविद्यालय के पास सड़क किनारे पाया सूप की दुकान लगाता था। सिक्स लेन का निर्माण होने से उसकी दुकान हटा दी गई। इस मुद्दे को लेकर विशाल रात नौ बजे विशाल चूना भट्टी चौराहे के पास लगे टावर पर चढ़ गया था। नगर निगम के कोलार के फायर ब्रिगेड प्रभारी पंकज खरे अपनी टीम के साथ पहुंच गए थे।

## पत्नी के मोबाइल पर बात करने से नाराज पति ने उसका गला रेत दिया

भोपाल, यशभारत ।अंबाह में पत्नी बार-बार किसी से मोबाइल पर बात करती थी, इस बात से नाराज पति ने पहले हसिए से उसकी हत्या की, फिर खुद को भी चाकू मार लिए। पति को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। मामला अंबाह कस्बे के मिश्र नगर का है। पुलिस ने उस पर हत्या का मुकदमा लिखा है। भिंड के कृष्णा कालोनी निवासी राजेश करण उम्र 36 साल हलवाई का काम करता है। पत्नी सुनीता व दो बच्चों के साथ तीन माह से अंबाह के मिश्र नगर में राजेंद्र कटारे के मकान में किराए से रह रहा था। 30 साल की सुनीता अंबाह क्षेत्र के ही कच्छपुरा गांव की निवासी थी और वह मोबाइल पर किसी से बात करती थी। इस बात को लेकर सुनीता और राजेश का अक्सर झगड़ा होता था।शनिवार की दोपहर एक बजे के करीब दोनों कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर झगड़ने लगे। कुछ देर बाद सुनीता की बचाओ-बचाओ की चीख सुनी तो मकान मालिक का परिवार आ गया।

## 22 हजार झूठी घोषणाओं का रिकॉर्ड बनाया : कमलनाथ

भोपाल, यशभारत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेरा है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने 22 हजार झूठी घोषणा करने का विश्व रिकार्ड बनाया है, जब वह व्यक्ति सत्य के लिए जान तक कुर्बान कर देने वाले गांधी परिवार के व्यक्ति पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हैं तो एक ही कहावत याद आती है-सूप बोले तो बोले, चलनी क्या बोले, जिसमें बहत्तर छेद। उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी ने मध्य प्रदेश में हमारी सरकार बनने पर दिव्यांग जनों की पेंशन बढ़ाने का आग्रह किया है।ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर में मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जिन लोगों ने इतिहास का एक पन्ना नहीं पढ़ा उनको जो कहना है कहने दो। मेरा सोच, मेरी कर्म, मेरी विचारधारा, मेरे परिवार की सोच ग्वालियर, मध्य प्रदेश और देश के प्रति समर्पित है। किसी को भी खासकर जो मंच पर बैठे हुए थे उन लोगों को मुझे प्रमाण पत्र देने की जरूरत नहीं है।

## भोपाल के बड़ा तालाब का चौबीस घंटे में बढ़ा एक फीट जलस्तर

भोपाल यशभारत। । भोपाल के बड़ा तालाब का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।तालाब का फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है, शनिवार तक यह 1663.20 फीट पर पहुंच गया है। अब भी बड़ा तालाब 3.60 फीट खाली है। वहीं पिछले चौबीस घंटे में एक फीट पानी बड़ा तालाब का बड़ा है।वहीं कोलार डैम की बात करें तो शनिवार को दोनों गेट एक मीटर तक खुले हुए हैं। केरवा और कलियासोत डैम में भी पानी का जलस्तर बढ़ रहा है।बता दें कि बड़ा तालाब का फुल टैंक लेवल होने पर ही भदभदा डैम के गेट खोल दिए जाएंगे। यहां से पानी कलियासोत

विधानसभा चुनाव की तैयारियां

भोपाल में चला मुलाकातों का दौर

# मप्र में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने संभाली चुनावी कमान



भोपाल यशभारत। भाजपा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है और केंद्रीय नेतृत्व ने कमान संभाल ली है। प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव लगातार बैठकें कर रहे हैं। शनिवार को भी बैठकें और मेल-मुलाकात का दौर जारी रहा। तोमर और वैष्णव ने सुबह प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया और इंटरनेट मीडिया विभाग की बैठक ली। इसमें प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

### कांग्रेस को घेरने की रणनीति

तोमर ने चुनावी तैयारियों की जानकारी ली और प्रतिदिन बैठक कर कांग्रेस को घेरने की रणनीति बनाने पर जोर दिया। तोमर और प्रहलाद पटेल ने शनिवार को ही मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अलग-अलग मुलाकात भी की। इस दौरान दोनों नेताओं की मुख्यमंत्री से लंबी चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव को लेकर मंत्री, विधायकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर भी चर्चा की गई है। आज चुनाव प्रबंधन कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। पार्टी मोर्चा, प्रकोष्ठों के साथ चुनाव प्रबंधन को लेकर बैठक भी होगी।

### संगठन के 57 जिला प्रभारियों के चयन पर चर्चा

तोमर और वैष्णव द्वारा ली गई बैठक में भाजपा के संगठनात्मक 57 जिला प्रभारियों को लेकर भी चर्चा हुई। चुनाव को देखते हुए प्रभारियों के चयन और इसमें महत्वपूर्ण बदलाव पर जोर दिया गया है। विस चुनाव की तैयारी और विभिन्न माध्यमों से विपक्ष को करारा जवाब देने एवं केंद्र व राज्य सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर भी बात हुई।

### पांच यात्राएं गांव की माटी, नदी का जल लेकर 25 को पहुंचेगी सागर

मध्य प्रदेश में 25 जुलाई से पांच यात्राएं आरंभ होंगी। यह सभी यात्राएं अलग-अलग गांव से गांव की माटी और नदी का जल लेकर सागर पहुंचेगी। सागर में 12 अगस्त को भगवान संत रविदास जी के मंदिर निर्माण का शिलान्यास होगा। शनिवार को प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में पांच यात्राओं की तैयारी को लेकर भी चर्चा हुई। पार्टी स्तर पर यात्रा को वृहद स्तर पर निकालने की योजना बनाई जा रही है। इधर भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को दोपहर 12 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया है। सम्मेलन को प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद संबोधित करेंगे।

### मीडिया विभाग की बैठक में रणनीति पर हुई चर्चा

मीडिया और इंटरनेट मीडिया विभाग की बैठक में पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदेश संगठन की बैठक के बाद पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को सौंपे गए कार्यों पर चर्चा हुई। तोमर ने कहा कि इंटरनेट मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से कांग्रेस के कारनामों को जनता के सामने लाएं। अश्विनी वैष्णव अलग-अलग पदाधिकारियों से मिले और पार्टी की चुनावी तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद भी मौजूद रहे।



## चीतों के दूसरे ठिकाने गांधीसागर अभयारण्य को तैयार करने में मुश्किलें

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश में चीतों का दूसरा ठिकाना गांधीसागर अभयारण्य तैयार करने में अब देर लग सकती है। दरअसल, नीमच जिले में अभयारण्य की सीमा से सटे बूझबेसला गांव के लोगों ने अभयारण्य की सीमा पर जाली लगाने का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में उनके मवेशी चरने जाते हैं। जाली लगी, तो मवेशी कहां चरेंगे। इस जगह को खाली कराने के लिए क्षेत्र का वन अमला पहुंचा, तो ग्रामीणों ने पथराव किया। इसके बाद वनकर्मियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए दोबारा जाने से मना कर दिया है। बता दें कि कूनो नेशनल पार्क से कुछ चीतों को शिफ्ट करने के लिए गांधीसागर को सितंबर या अक्टूबर तक तैयार करने का लक्ष्य तय किया गया है। मंदसौर और नीमच जिलों में फैले गांधीसागर अभयारण्य के एक ओर गांधीसागर बांध का पानी है, तो तीन ओर से चैनलिंक जाली लगाई जानी है। ताकि यहां छोड़े जाने वाले चीते बाहर निकलकर गांवों में न घुसें। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के विशेषज्ञों के अध्ययन में अभयारण्य का वातावरण चीतों के अनुकूल पाया गया है। इसलिए जब कूनो से कुछ चीते शिफ्ट करने की बात आई, तो गांधीसागर की फेंसिंग शुरू कर दी गई।

# पहले अपनों ने घरों से निकाला अब आंधी उड़ा ले गई बसेरा

भोपाल,ईएमएस। अपनों ने घरों व दिलों से पहले से निकाल दिया था। दुखों का घूंट पीकर वृद्धाश्रम में रह रहे थे। जैसे-जैसे गैरों से पहचान हुई। उन्हें अपना बनाया तो खुशियां लौटीं। खुशी-खुशी आश्रम में रह रहे थे, लेकिन शुक्रवार की आंधी-पानी ने बेघर कर दिया। इतनी तेज आंधी आई, उसमें आश्रम में लगीं टीन की चादरें उड़ गईं। वर्षा का पानी भर गया। बिस्तर गीले हो गए। सामान भींग गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। अब मदद के लिए हां जाएं? चार इमली ज्योतिबा फुले नगर नंदन वन पार्क के पास आश्रम की संचालिका संगीता नेलोर जो पहले से निश्शुल्क मानव सेवा करके हमें रख रही हैं, अब वो भी वेचारी कितनी हमारी मदद करें। दो दिन



से सो नहीं पा रहे हैं। वर्षा का पानी पैरों व हाथों से बाहर निकालते-निकालते रात काटनी पड़ रही है। इतना कहते-कहते 70 वर्ष के बुजुर्ग दयाशंकर और 75 वर्ष के गयादीन की आंखों में पानी आ गया। बेघर हुए बुजुर्गों ने इंटरनेट मीडिया पर आश्रम को दुरुस्त कराने के लिए शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई मदद के लिए आगे नहीं आया है।

वृद्धाश्रम की संचालिका संगीता नेलोर ने बताया कि वर्ष-2009 से वृद्धाश्रम का संचालन कर रही हूं। नेलोर शिक्षा समिति को शासकीय मान्यता प्राप्त आश्रम हैं, लेकिन खुद ही निश्शुल्क आश्रम का संचालन कर रही हूं। दो मंजिला आश्रम की दूसरी मंजिल पर टीन की चादर लगाई थीं। बजट नहीं होने से छत नहीं डाल पाई। आंधी से चादर उड़ गई। वर्षा का पानी भर गया। इससे बुजुर्गों का सामान गीला हो गया। आश्रम में अभी 14 महिलाएं हैं।

# घोषणाएं पूरी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने विधायक को घेरा

## बैरसिया विधायक विष्णु खत्री को लोगों ने दिलाई पुराने वादों की याद

भोपाल यशभारत। बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा के ग्रामीणों ने शनिवार को भाजपा विधायक विष्णु खत्री को रास्ते में रोक लिया और उनके द्वारा की गई घोषणाओं को गिनाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि तीन-तीन बार की घोषणाएं हो गई, लेकिन कोई काम नहीं हुआ है। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी काम पूरे किए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार बैरसिया विधायक विष्णु खत्री शनिवार को अपने समर्थकों के साथ ग्राम शेखपुरा गए हुए थे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से जनसंपर्क किया और मंदिर दर्शन करने के बाद वहां से अगले दौरे के लिए



निकल गए थे। इसी दौरान उन्हें रास्ते में कुछ ग्रामीणों ने रोक लिया। ग्रामीणों ने कहा कि जहां 400 से 500 वोटर हैं, वहां टैंकर है और हमारे गांव में 800 से 900 वोटर है, लेकिन टैंकर नहीं है। तीन-तीन बार की घोषणाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। सब बेवजह की घोषणाएं हैं, आपको चुनींदा लोगों से मिलना है तो स्पष्ट बता दीजिए। इस पर विधायक ने कहा कि एक सप्ताह में गांव में टैंकर आ जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि अब तो आ ही जाएगा। इस दौरान जब विधायक जाने लगे तो ग्रामीणों ने कहा कि आपने घोषणाएं भले पूरी नहीं की हों, लेकिन हम भाजपा को ही वोट देते आए हैं। इसी दौरान स्थानीय जनपद सदस्य ग्रामीणों को समझाते हुए शांत करा रहे थे।

### इनका कहना

मैं ग्राम शेखपुरा ग्रामीणों से जनसंपर्क करने गया था। वहां से लौटकर ग्राम कलाखेड़ी जा रहा था, तब ही कुछ लोगों ने रास्ते में मेरी गाड़ी रोकी तो मैंने उतरकर उनकी बात सुनी। उनका कहना था कि आपकी घोषणा के बाद भी टैंकर नहीं मिला है। इस पर मैंने कहा कि एक सप्ताह में टैंकर आ जाएगा। मेरा वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर मेरी छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

## भोपाल से दतिया, रीवा एवं खजुराहो एयर टैक्सी सेवा अगले साल तक

भोपाल यशभारत। राजधानी से बिजनेस क्लास एयर टैक्सी सेवा लंबे समय से बंद है लेकिन अगले साल से इसकी शुरुआत हो सकती है। वर्ष 2024 की शुरुआत के साथ ही दतिया, रीवा एवं खजुराहो तक सीधी एयर टैक्सी सेवा मिलने लगेगी। भोपाल से सूरत एवं शिर्डी तक सीधी उड़ान के लिए अब भी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल इसके लिए अभी तक किसी एयरलाइंस ने स्लाट नहीं लिया है।यहां सबसे पहले एयर डेक्कन ने एयर टैक्सी सेवा शुरू की थी। कुछ समय बाद कंपनी ही बंद हो गई। सन 2011 में नया एयरपोर्ट बनने के बाद वेंचुरा एयर कनेक्ट ने एयर टैक्सी के माध्यम से भोपाल को सतना, जबलपुर, इंदौर से जोड़ा। कंपनी ने मप्र पर्यटन विकास निगम से अनुबंध किया था। इसके तहत नौ सीटों वाले छोटे विमान में पर्यटन निगम तीन सीटों की गारंटी देता था। यदि कंपनी के पास कोई एक सीट की बुकिंग है तो उसे बाकी दो सीटों का किराया भी मिल जाता था ताकि उड़ान लगातार चलती रहे। अनुबंध समाप्त होते ही कंपनी ने उड़ानें भी बंद कर दीं। दो अन्य कंपनियों ने भी एयर टैक्सी शुरू की पर वह भी लंबे समय तक नहीं चल सकीं। रीवा एवं दतिया में एयरपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं। काम पूरा होते ही इन शहरों तक सीधी एयर टैक्सी सेवा शुरू जाएगी। खजुराहो को भी भोपाल से कनेक्ट करने का प्रस्ताव है। भारत सरकार की उड़ान योजना के तहत निजी क्षेत्र की एयरलाइंस कंपनी फ्लायबिग ने इस रूट पर टैक्सी सेवा शुरू करने की सहमति दी है। इस बार 19 सीटों वाला विमान चलाया जाएगा। लोगों को किफायती किराये में सीट मिल सकेगी।

## बीसीसीएल बस के परिचालक से मारपीट

### थाने पहुंचा मामला

भोपाल, ईएमएस। भोपाल से मंडीदीप के बीच चलने वाली भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड की बस में एक छात्रा के स्वजनों ने सतलापुर में परिचालक के साथ जमकर मारपीट कर दी। सिटी बस पास की अवधि खत्म होने के बाद परिचालक ने छात्रा से किराया मांगा था। घटना के बाद बस चालक व परिचालक थाने पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार सतलापुर की एक छात्रा प्रतिदिन भोपाल में कोचिंग पढ़ने के लिए जाती है। छात्रा का पास भी बना हुआ है। दो दिन पहले पास की अवधि समाप्त हो गई। इस पर परिचालक प्रकाश कुमार रजक ने छात्रा से किराया मांगा। छात्रा ने बहस के बाद किराया दे दिया। छात्रा ने मंडीदीप उतरकर स्वजनों को बुला लिया। स्वजनों ने परिचालक से मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपित सुनील साहू व रेखा साहू के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी बहुप्रसारित हो रहा है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

भोपाल, यशभारत। छोला मंदिर थाना इलाके में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह स्थानीय रहवासी रामनारायण ने छोला मंदिर के पास रेल पटरी पर शव पड़ा होने की सूचना दी थी। पुलिस ने शव जब्त कर उसकी तलाशी ली, लेकिन उससे ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जिससे मृतक की पहचान हो सके।

## परिवार समेत खुदकुशी करने वाले भूपेंद्र के घर से चोरी, टीवी, जेवरात ले भागे बदमाश

भोपाल यशभारत। साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसकर दो बच्चों को जहर देकर मारने के बाद पत्नी के साथ खुदकुशी करने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा के सूने मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। बदमाश कुछ आभूषण, टीवी सहित घरेलू सामान ले गए हैं। उन्होंने भूपेंद्र के पड़ोसी के घर का भी ताला तोड़ा, लेकिन वहां से उन्हें कुछ भी हाथ नहीं लगा। घटना की सूचना पुलिस को शनिवार सुबह 11 बजे मिली। रातीबड़ थाना पुलिस के मुताबिक 12-13 जुलाई की दरमियानी रात को नीलबड़ की शिवविहार कालोनी में रहने वाले 38 वर्षीय भूपेंद्र विश्वकर्मा और उसकी पत्नी 34 वर्षीय ऋतु ने फांसी लगा ली थी। खदकुशी करने के पहले उन्हें अपने बेटे नौ वर्षीय ऋषिराज और तीन वर्षीय ऋतुराज को जहर देकर मार दिया था। भूपेंद्र एक निजी फर्म में बीमा अधिकारी थे। घटना के बाद से मकान बंद है। भूपेंद्र के स्वजन रीवा में है। शनिवार को भूपेंद्र के घर का ताला टूटा हुआ देख पड़ोसियों ने चोरी की सूचना फोन पर रीवा में मौजूद भूपेंद्र के भतीजे नितिन को दी। नितिन ने रातीबड़ थाने में फोन कर घटना के बारे में बताया। भूपेंद्र के पड़ोसी मनोज रैकवार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

भूपेंद्र के पड़ोस में रहने वाले नीरज बाथम के सूने मकान का भी ताला टूटा मिला। मकान मालिक नीरज का मकान खाली पड़ा है। वर्तमान में वह कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं। पुलिस के मुताबिक बदमाश भूपेंद्र के घर से एलईडी वह अन्य सामान ले गए हैं। अलमारी का ताला और लाकर भी टूटा मिला है।

# भेल कर्मचारियों को मिलेगा 30 हजार रुपये पीपी बोनस

भोपाल , यशभारत। भेल कर्मचारियों को 30 हजार रुपये तक प्लांट परफार्मेंस (पीपी) बोनस मिलेगा। बोनस की राशि अक्टूबर माह में भेल भोपाल के करीब तीन हजार कर्मचारियों को मिलेगी। यह निर्णय भेल दिल्ली मुख्यालय में हुई संयुक्त कमेटी की बैठक में लिया गया है। भेल कर्मचारियों को भेल प्रबंधन ने नुकसान बताकर 2021-22 और 2022-23 में पीपी बोनस नहीं दिया था। इससे कर्मचारियों में नाराजगी थी।

निरंतर भेल की प्रतिनिध यूनियन भारतीय मजदूर संघ, एचएमएच,

**संयुक्त समिति की बैठक में हुआ निर्णय**

आल इंडिया भेल एम्प्लोई यूनियन विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। इसे लेकर भेल भोपाल में 19 जुलाई को मिनी संयुक्त समिति की बैठक भी हुई थी, जिसमें यूनियनों ने भेल प्रबंधन को घेरा था। इसके बाद 21 जुलाई को दिल्ली भेल मुख्यालय में सुयंक्त समिति की बैठक हुई। इसमें भेल प्रबंधन के बड़े अधिकारियों के समक्ष यूनियनों के पदाधिकारियों ने भेल कर्मचारियों को बोनस देने की मांग उठाई। यूनियनों की मांग थी कि 60 हजार रुपये पीपी बोनस दिया जाए। यह बात भेल प्रबंधन ने नहीं मानीं और 30 हजार पीपी बोनस अक्टूबर माह में देने पर प्रबंधन राजी हुआ।

## दुकानें तोड़ने पर लोगों ने किया हंगामा, पट्टा दिखाने कल तक की मोहलत

भोपाल यशभारत। ईश्वर नगर में सरकारी जमीन पर बनी सात दुकानों को तोड़ने के लिए शनिवार को प्रशासन का अमला भारी पुलिस बल के साथ पहुंचा था। तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू होते ही स्थानीय रहवासियों ने जमकर विरोध करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि उनके पास इस जमीन का पट्टा है। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने भी दस्तावेज देखने के बाद ही कोई कदम उठाने की बात कही। इसके बाद प्रशासन ने दुकान मालिकों को पट्टे दिखाने के लिए सोमवार तक का समय दिया है। बीडीए ने वर्ष 1995 में रेलवे



स्टेशन से विस्थापित कर ई-8, में ईश्वर नगर बसाया था। इसके बाद लोगों भूखंडों पर अपने-अपने मकान बना लिए थे। ये मकान मुख्य मार्ग पर थे। उन्होंने सामने की तरफ दुकान भी बना ली थीं। यहां बनी सात दुकानों का निर्माण अवैध होने की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने दुकानदारों को नोटिस दिया था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे एसडीएम क्षितिज शर्मा के नेतृत्व में जेसीबी, डंपर के साथ अमला मौके पर पहुंचा और दुकानें तोड़ना शुरू कर दिया।

कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह ने बताया कि लोगों ने एसडीएम को पट्टे भी दिखाए, लेकिन वह कार्रवाई रोकने को तैयार नहीं थे। इस बीच पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह वहां पहुंचे उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से बात की। इसके बाद तोड़फोड़ का काम सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। राजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जहां पर सात दुकानें बनी हैं, उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन जा रही है। इस वजह से पट्टे धारकों ने वहां खतरे को देखते हुए मकान बनाने के बजाय दुकान बनी ली हैं।

कार्यवाही

पुलिस बल में विवेचना अधिकारियों को टेबलेट कार्यवाही शीघ्र करें

# डैश–बोर्ड में विभागों की आवश्यक सूचनाएं होने पर प्रकरण निराकरण में आसानी होगी :जस्टिस आर्या

भोपाल यशभारत। लोगों को आसानी से और शीघ्र न्याय दिलाने में तकनीक का अधिकतम उपयोग करें। एनआइसी द्वारा तैयार किए जा रहे डैश-बोर्ड पर सभी आवश्यक जानकारियां उपलब्ध होने पर प्रकरणों की विवेचना में आसानी होगी और त्वरित न्याय प्रदान किया जा सकेगा। पुलिस बल में विवेचना अधिकारियों को टेबलेट देने की कार्यवाही शीघ्रता से करें। अध्यक्ष, जस्टिस रोहित आर्या और सदस्य जस्टिस विशाल धगट, कंप्यूटर एवं ई-कोर्ट कमेटी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने प्रशासन अकादमी भोपाल में स्टेक होल्डरों के साथ पूर्व में जारी निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह डा. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव विधि विनोद द्विवेदी, प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर उच्च न्यायालय जबलपुर फसाहत हुसैन काजी और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जस्टिस आर्या ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन अनुसार ई-कोर्ट के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सभी के समन्वय से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समन्वय में दिक्कत आने पर ई-कोर्ट कमेटी को अवगत कराया जाए, जिससे तेजी से समाधान किया जा सकें। जस्टिस आर्या ने कहा कि ई-कोर्ट प्रणाली में एफआइआर, फोरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट, विवेचना, गवाहों के बयान, न्यायालयों के फैसले इत्यादि जानकारियां आनलाइन उपलब्ध रहेंगी, जिससे फैसले लेना आसान रहेगा।



मेडलेपार साफ्टवेयर को इंटर आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आइसीजेएस) को विकसित किया जाए। बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजने से पहले संबंधित विभाग सक्षम विभागीय समितियों से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करें। वित्त विभाग को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के निर्देशानुसार ई-कोर्ट प्रोजेक्ट के सशक्तिकरण के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई समय पर करने को कहा गया, जिससे विलंब से बचा जा सकें।

### प्रदेश में 553 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम की व्यवस्था

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कुल 1199 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) हैं, जिनमें से 533 में पोस्टमार्टम किए जाने की व्यवस्था है। 32 के लिए प्रबंध किए जा रहे हैं। ई-कोर्ट प्रणाली के लिए 60 विज्ञानिक, 45 लैब असिस्टेंट और 60 डाटा इंट्री आपरेटर की पूर्ति की कार्रवाई प्रचलन में है।

## हादसे में महिला के जबड़े के हुए तीन हिस्से

### जेपी अस्पताल में डाक्टरों ने डेढ़ घंटे की सर्जरी में जोड़ा

भोपाल , यशभारत। जेपी अस्पताल में हाल ही में एक महिला मरीज के तीन हिस्सों में टूटे जबड़े का सफल आपरेशन किया गया है। डेढ़ घंटे तक चले इस आपरेशन के बाद चौथे दिन शनिवार को मरीज की हालत में काफी सुधार आया है। महिला 18 जुलाई को एक दुर्घटना में घायल हुई थी, जिसमें उसके जबड़े का निचला हिस्सा तीन भागों में टूट गया था।जेपी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार भोपाल की रहने वाली महिला करीब पांच दिन पहले दुर्घटना में घायल हुई थी। उनके निचले जबड़े के तीन हिस्से हो गए थे। स्वजन घायल महिला को लेकर जेपी अस्पताल आए। मरीज की पूरी जांच होने के बाद उनकी सर्जरी करने का फैसला लिया गया। महिला का जबड़ा ओपन रिडक्शन टाइटेनियम प्लेट से जोड़ा गया है। यह पूरा इलाज अस्पताल में आयुषमान योजना के तहत निश्शुल्क किया गया। डाक्टरों ने बताया कि किसी निजी अस्पताल में इस तरह की सर्जरी के लिए मरीज को एक लाख से अधिक की राशि खर्च करनी पड़ती है। दंत विभाग की प्रभारी डा. निर्मला दुबे ने बताया कि अब तक जेपी अस्पताल में ऐसे चार आपरेशन हो चुके हैं, जो मेक्सिलो फेसियल सर्जन डा. वर्तिका दुबे की नियुक्ति के बाद हुए हैं।

## » न्यूज गैलरी



## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की विशाल सभा आयोजित

**कुंडम, यशभारत।** कुंडम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सेक्टर मंडलम एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की विशाल सभा कृषि उपज मंडी प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश के प्रभारी संजय कपूर एवं प्रभारी विभास जैन जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, अलका डोंगरी पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोटिया, नित्य निरंजन खमरिया पूर्व विधायक रुकमणी गोटिया ,डॉक्टर संजीव वरकडे ,जमुना मरावी ,एकता ठाकुर, प्रीति ठाकुर ,विजय जयसवाल, सुशील राय ,मुन्ना मरावी ,अरविंद तिवारी, सिहोरा विधानसभा प्रभारी सुकृत त्रिपाठी, संतोष मिश्रा ,आशीष मिश्रा ,मुन्ना मरावी ,राजेश चौबे ,मोहन मिश्रा ,विपिन जयसवाल ,रजनी जयसवाल ,संदीप साहू ,संदीप राजेश सोनी ,धर्म मरावी जिला ग्रामीण कांग्रेस मीडिया प्रभारी प्रहलाद झारिया सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे । सभी ने 2023 कि विधानसभा चुनाव में अंग्रेज को जिताने का संकल्प लिया । प्रदेश के प्रभारी संजय कपूर ने कुंडम ब्लॉक में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहां इस बार टिकट किसी को भी मिले मगर कांग्रेस का विधायक होना बहुत जरूरी है।

## शिक्षा विभाग में लंबित पड़े सैकड़ों आर्थिक प्रकरण

**बरेला, यशभारत।** शिक्षा विभाग में नेटवर्क की खराबी के चलते विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कार्यालय से जीपीएफ मेडिकल एवं अन्य देयक का कोषालय में बिल नहीं लग पा रहे हैं जिससे कारण देयको कि कतार लंबी होती जा रही है । 16 जुलाई से नेटवर्क में तकनीकी गड़बड़ी के चलते देयक जनरेट नहीं हो पा रहे हैं । नेटवर्क स्वान संचालन केंद्र भोपाल में शिकायत करने के बाद भी एक 1 सप्ताह बीत चुका है । आज तक उक्त समस्या का समाधान न होने से कर्मचारी आर्थिक लाभ से वंचित हो रहे हैं । इसकी सूचना जिला कोषालय को भी प्रेषित कर समस्या निराकरण की मांग की गई।
मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी दालचंद पासी, शहजाद द्विवेदी, रजनीश पांडे, मुकेश मेहरा, अजय दुबे ,सतीश उपाध्याय, मनोज सिंह ,शेर सिंह, अंशुल साहू, हेमंत साहू कालूराम वरकडे आदि ने जिला कोषालय अधिकारी से इस समस्या के शीघ्र निराकरण करवाने की मांग की है।

## श्री देव मुरलीधर विद्यालय में शतरंज स्पर्धा का आयोजन

**गोटेगांव, यशभारत।** बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में विद्यालय स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं तक के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने अपना हुनर दिखाया जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के प्रधान पाठक संदीप वर्मा के निर्देशन में पीटीआई राहुल नामदेव एवं उमाकांत राजपूत तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य शिव शंकर पाठक द्वारा प्रतियोगिता का अवलोकन किया गया। बाल शिक्षा समिति के सभी सदस्य गणों ने प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मालगाड़ी का डिब्बा, गार्ड डिब्बा पटरी से उतरा, कोई जनहानि नहीं



**नरसिंहपुर यशभारत।** जबलपुर से इटारसी की ओर जा रही एक मालगाड़ी का एक डिब्बा और गार्ड का डिब्बा नरसिंहपुर रेल्वे स्टेशन के समीप केन्द्रीय जेल के समीप सींगरी पुल के पास पटरी से उतर गया। उक्त घटना में गार्ड सुरक्षित है जिसे कोई चोटे नही आयी है। घटना की जानकारी लगते ही जीआरपी मौके पर पहुंच गयी। जहां सुधार कार्य किया जा रहा है। इटारसी की ओर जाने वाली ट्रेन विलंब से चल रही है।

# मवेशियों को बचाने के चक्कर में घटित हो रहीं दुर्घटनाएं



**तेंदूखेड़ा यशभारत।** तेंदूखेड़ा क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न सड़क मार्गो पर मवेशियों के झुंड बने रहने और इन्हें बचाने के चक्कर में अनेक दुर्घटनायें घटित हो रही है। वहीं वाहनों की टक्कर से मवेशियों की भी मौत हो रही है। एक तरफ जहां सरकार के द्वारा हर ग्राम पंचायत में गौ शालाओं का निर्माण करवाने का निर्णय लिया है। घायल होने की स्थिति में तत्काल चलित बाहन ऐम्बुलेंस सेवा के माध्यम से उनके इलाज की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है लेकिन यह व्यवस्था धरातल पर देखने को नहीं मिल रही है।
विभिन्न ग्राम पंचायतों में गौ शालायें बनने के बाद भी सैकड़ों की संख्या में मवेशी बीच सडक पर बैठे हुए देखे जा सकते हैं। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ मवेशियों को वाहन से टकराने के कारण जहां घायल मवेशी यहां वहां पड़े मिलतें है या फिर असमय काल के गाल में समा जाते हैं। वसुधा सेवा समीति के सेवा भावी युवाओं द्वारा इनकी देखभाल की जाती है। लेकिन सबसे बड़ा सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि बरसात के दिनों में इनकी संख्या में दिनों दिन बढ़ोत्तरी होती चली जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों से ही कृषक इन्हें खुला छोड़ देते हैं। मवेशी भी कीचड़ और मच्छरों को काटने के कारण सूखे स्थानों सड़क मार्ग पर बैठा करते हैं। बढ़ती संख्या के चलते कसाई वर्ग भी सक्रिय हो गया है जो रातों रात बाहनों में भरकर कत्ल खाने ले जाते हैं, विगत दिनों भामा मनकापुर में एक बाहन इन मवेशियों को भरकर ले ही जा रहा था कि अचानक पुलिस पहुंच जाने के कारण बाहन भाग निकला। पीड़ित वर्ग समस्या से निजात पाने के लिए बाहर से इन कसाई बाहनों का सहयोग भी कर देते हैं। स्थानीय ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिवों को चाहिए कि अपने क्षेत्र की गौ शालाओं में इन्हें रखने के साथ गांवों से मवेशियों को बाहर ना खदेड़ कर गांव की गौ शालाओं में रख लें। और वहीं जाकर परवरिश करते रहें।

## प्रहलाद झारिया बने जिला कांग्रेस ग्रामीण मीडिया प्रभारी

**कुंडम, यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार जबलपुर जिले के प्रभारी सुनील जैन, सह प्रभारी



विभाष जैन की सहमति से जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष नीलेश जैन ने अपनी नई जिला कार्यकारिणी घोषित की जिसमें प्रहलाद झारिया को जिला कांग्रेस ग्रामीण मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर खिलाड़ी सिंह जमुना मरावी, नन्हे लाल धुर्वे पूर्व विधायक, डॉ संजीव बरकड़े एकता ठाकुर मुन्ना मरावी, संतोष मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष भवानी साहू , अरविंद साहू, विपिन जायसवाल, आशीष मिश्रा , रजनीश जायसवाल , राजकुमार साहु, मनीष सोनी , कपिल मार्को, दीपेंद्र मरकाम , धरम मरावी विवेक जायसवाल, आशीष मिश्रा , अमित साहू हल्के पटवा शुभम साहू, संजय यादव, रिंकू साहू, सहित समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हर्ष व्यक्त किया है और शुभकामनाएं दी हैं।



## आयुर्वेदिक औषधालय का लोकार्पण

**पनागर, यशभारत।** जनपद पंचायत पनागर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया विधायक सुशील तिवारी इन्दु भैया ने 8.22 लाख की विधायक निधि द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल जनपद सदस्य नीरज पांडेय सरपंच शिव चरण कोरी,आनंद मिचू जैन,मोनू खरे,वीरेंद्र तिवारी,शालिग्राम पांडेय,गोलू पांडेय,अमित यादव,आकाश सूत्रकार अर्जुन यादव सहित आसपास के अनेक ग्रामों के नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित थी आयुष स्वास्थ्य केंद्र बनने से क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं से अब निदान हो सकेगा क्षेत्र में हर्ष की लहर व्याप्त है।

## स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधकार में डूबी आधी अबादी



**बरेला, यशभारत।** नगर परिषद द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के पश्चात नगर में लगभग 3 वर्ष पूर्व स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी तथा इस लाइट के एवज में नगर वासियों से प्रकाश कर भी जमकर वसूला जा रहा है परंतु इसका लाभ नगर वासियों को नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में बस स्टैंड से लेकर पेट्रोल पंप तक स्ट्रीट लाइट विगत 1 सप्ताह से बंद पड़ी है इसके कारण नगर की आधी बस्ती अंधकार में डूबी हुई है बारिश के इस मौसम में जहरीले जीव जंतु के निकलने का भी डर बना रहता है स्ट्रीट लाइट बंद होने से असामाजिक तत्व के हौसले बुलंद हैं तथा नगर में चोरियां भी बढ़ रही हैं स्ट्रीट लाइट सुधारने हेतु नगर परिषद द्वारा कोई प्रयास नहीं किए जा रहे नगर के जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं इसके कारण यह समस्या बनी हुई है नगर परिषद में पदस्थ सीएमओ मुख्यालय मैं नहीं रह रही हैं जबलपुर से अप डाउन करती हैं जिसके कारण नगर की मूलभूत समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं रहता स्थानीय निवासी संजय सोनी राजकुमार विश्वकर्मा पापुल जैन संजय साहू सत्येंद्र जैन आदि का कहना है कि स्ट्रीट लाइट अभिलंब सुधारी जाए अन्यथा आंदोलन के लिए विवश होंगे इस संबंध में सीएमओ का कहना है कि स्ट्रीट लाइट के सुधार हेतु सामग्री मंगाई गई है सामग्री आते ही सुधार करण पूर्ण हो जाएगा।

## मंडलम, सेक्टर, बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**बरेला/देवरी, यशभारत।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरेला ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग के संयोजन में ग्राम देवरी पटपरा में मंडलम, सेक्टर, बूथ प्रभारियों का कार्यकर्ता सम्मेलन पनागर विधानसभा 101 के सभी चारों ब्लाकों से पदाधिकारी, कार्यकर्ता सम्लित हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव संजय कपूर, सहप्रभारी विभाष जैन, जिला ग्रामीण अध्यक्ष डा.नीलेश जैन जी के समक्ष सैकड़ों की संख्या में नवयुवकों, व बाल कांग्रेस ने रीति नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को विधानसभा मंडलम, सेक्टर, बूथ पर कैसे काम कर जीत के गुण बता उर्जा का संचार कर पन्ना प्रभारियों को उनके दायित्व से अवगत कराया इस अवसर पर पनागर विधानसभा के सभी वरिष्ठ जन मुकेश रघुवर पटेल, राजेश पटेल, सम्मति सैनी, सतेन्द्र यादव, राधेश्याम चौबे, वीरेंद्र चौबे, विवेक पटेल, विनीत यादव, राजकिशोर पटेल,संगीता सिंह,अनीता झारिया, विमल जैन,रिंकू तिवारी, संजय श्रीवास्तव, महेंद्र चक्रवर्ती, तुलसीराम कुशवाहा, अरविंद तिवारी, विपिन झारिया, अनुराग पटेल, रामजी रैकवार, योगेश पटेल, रामानुज पटेल, अनंतराम पटेल,राजेन्द्र पटेल, नीलकमल झारिया, संतोष पटेल, संतराम श्रीपाल, नरेश पटेल, शेख सलीम, भूपेन्द्र यादव, योगेश झारिया,जगदेव पटेल, मोहित गर्ग, सुरेश जैन, उजयार पटेल, राजकुमार पटेल, जम्मन जयसवाल,जहीर अहमद, सिल्लू पटेल, दादूराम यादव, बसंत तिवारी,मुकेश गोंटिया, बालामहाराज, गोपाल झारिया, भूरा पहलवान, रामस्वरूप पटेल, अमित शुक्ला, सोहन विश्वकर्मा, अंकित शुक्ला, जगदेव पटेल, पंचम यादव, नीलेश बडकडे, राजू पाठक, गुड्डा बडकडे. खिलावन बडकडे, ज्ञानी झारिया,कपिल पटेल,सागर गौर, शहीद तोले खान, राजीव गौतम,मुन्ना झारिया,शेख अब्बास,रामकुमार नामदेव,इंद्र कुमार, कपिल पटेल, संजू पटेल, नीरज गर्ग,गोविंद मरावी, पप्पू पटेल मिन्टू झारिया सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी की रसोईघर एवं सहकारी राशन दुकान की छत जर्जर



**बरगी नगर, यशभारत।** जबलपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत तुनिया के ग्राम घुललापाठ में राशन वितरण केंद्र की हालत जर्जर है भवन के छज्जा से लगातार पानी गिर रहा है कभी भी छत गिर सकती है ऐसी स्थिति में गरीबो के लिए शासन अनाज रखा गया है । ग्रामीणों ओर वितरण कर रहे समूह के लोगो ने बताया कि भवन की हालत बहुत खराब लेकिन जबाबदार ध्यान नही दे रहे है इसी भवन के करीब आंगनबाड़ी क्रमांक 1 की रसोई है जिसका भवन भी जर्जर हालत में है भोजन बनाने वाली महिलाओं ने बताया कि पिछले दिनों भोजन बनाने के दौरान छज्जा का टुकड़ा गिरा जिससे वह बाल बाल बच गयी, वरना कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी । जनता के बीच पहुची जिला पंचायत की सदस्य मुन्नीबाई ने ग्रामीणों से कहा कि जिला पंचायत की बैठक में इस मुद्दे को मुख्य रूप से रखा जयेगा । युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शुभम अवधिया ने कहा कि उक्त मामले को विधायक संजय यादव के संज्ञान में लाया जायेगा । मंडलम अध्यक्ष राजेश चौकसे, हिम्मत झारिया, विजय ठाकुर, हुकुम पटेल, हिम्मत चौधरी एवम ग्रामीण उपस्थित रहे ।

**इनका कहना** – उक्त दोनों भवन की जानकारी जनपद में देकर नए भवन की मांग की गई है ।

**– सूरज धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत तुनिया ।**

## सिहोरा अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधि मंडल की प्रधान न्यायाधीश से भेंट



**सिहोरा, यशभारत।** सिहोरा सिविल कोर्ट सिहोरा के अधिवक्ता गणों ने विभिन्न समस्याओं के संबंध में अधिवक्ता संघ सिहोरा का प्रतिनिधि मंडल माननीय जिला प्रधान न्यायाधीश आलोक अवस्थी से मिला। जिसमें महिला एंव पुरुष अधिवक्ता गणों के लिए अलग से बाथरूम की व्यवस्था तथा न्यायालय परिसर से बाथरूम जाने के लिए एंव पानी से बचाव हेतु टीनशेड निर्माण,पुराने बार रूम का उन्नयन एंव पानी की व्यवस्था के साथ न्यायालयीन कार्यवाही में अधिवक्ताओं को हो रही व्याहारिक परेशानी आदि शामिल हैं। न्यायाधीश महोदय ने अधिवक्ता गणों की सारी समस्याएं गभीरता से सुनी एवं संबंधित विभाग को तत्काल निराकरण के आदेश दिए। इस अवसर पर जबलपुर से स्टेट बार के उपाध्यक्ष एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आर के एस सैनी,सिहोरा अधिवक्ता संघ सचिव संजय सिंह सेंगर,अधिवक्ता नवल किशोर उपाध्याय,नरेंद्र तिवारी,संजय तिवारी,कार्यकारिणी सदस्य विनोद पटेल,साकेत पिडिहा आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री का जगह-जगह स्वागत आकर्षण का केंद्र बना मामा का बुलडोजर



**गाडरवारा, यशभारत।** प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के गाडरवारा आगमन पर अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया और सड़को पर फ्लेक्स पोस्टरों की झड़ी लगी हुई रही वही एक झाँकी मामा का बुलडोजर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने राव शैलेश सिंह के बाजू मे बायपास मार्ग पर आकर्षण का केंद्र बनी रही यहां पर नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमति वैशाली रीतेश राय एवं पार्षद सभापति शुभम सुनील राजपूत के द्वारा बड़ी संख्या मे लाडली बहनाओ की उपस्थिति रही एवं सभी के लिए मोदी चाय व भोजन की व्यवस्था की गयी भाजपा नेता रीतेश राय ने कहा कि हम सब खुद को गौरवान्वित महसूस करते है कि लम्बे समय के बाद प्रदेश के मुखिया हमारे बीच लाडली बहनाओ का आशीर्वाद प्राप्त करने आये है और उनके नेतृत्व मे लगातार जनकल्याणकारी योजनाओ के माध्यम से समाज के हर वर्ग के व्यक्ति लाभान्वित हो रहे है एवं हम संकल्पित है कि उनके मार्गदर्शन मे सतत जनहित के कार्य करते रहेंगे उक्त अवसर पर मुन्ना कुशवाहा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू पटेल हेमंत शर्मा श्याम वैष्णव वैभव कोचर लखन साहू चिंटू महाराज सत्यम राजपूत ब्रजेश सोनी रंजीत चौहान सहित बड़ी संख्या भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद महिला को दी सिलाई मशीन

### बालिका की फीस की गई जमा



**पनागर , यशभारत।** आंसू से मुस्कान की ओर कार्यक्रम के तहत नगर की शांतिनाथ महिला मंडल द्वारा संभागीय अध्यक्ष सुनीता मैक्स के सौजन्य से एक निर्धन असहाय महिला को रोजगार हेतु सिलाई मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर की एक निर्धन बालिका की पढ़ाई के लिए फीस दी गई । कार्यक्रम के समापन पर संभागीय अध्यक्ष सुनीता मैक्स ने बताया कि हमारी महिला मंडल द्वारा समय समय पर जरूरतमंद महिलाओं के लिए सहायता प्रदान की जाती है मंडल का उद्देश्य ऐसी महिला जो कुछ करना चाहती हैं आर्थिक रूप से अक्षम है हमारा मंडल उन्हें सहायता प्रदान कर सक्षम बनाने का प्रयास करता है कार्यक्रम में महिला मंडल की बहनों का सहयोग रहा अध्यक्ष समीक्षा चौधरी सचिव रजनी मोदी अंशु लस गरी शालिनी लसगरी अंकिता जैन प्रीति रश्मि चौधरी राजल जैन संगीता खजांची संगीता खजांची सुशीमा मोदी आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत 31 के पूर्व करें आवेदन

**नरसिंहपुर यशभारत।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, नरसिंहपुर, 22 जुलाई 2023 खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार की ग्रामोद्योग विकास योजना सीव्हीवाय के माध्यम से प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित फार्म के साथ 31 जुलाई के पूर्व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ग्रामोद्योग विकास योजना में आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिये।

उसने सरकारी विभाग/ अर्द्धसरकारी अन्य समान योजना में लाभ नहीं लिया हो, आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष तक होनी चाहिये और एक परिवार से एक ही व्यक्ति इस योजना का लाभ ले सकता है। आवेदक को आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व मोबाइल नम्बर आवेदन के साथ संलग्न करना होगी। उक्त योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं रोजगार संवर्धन तथा परम्पराओं कारीगरों बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देने के लिए मशीनरी एवं उपकरण स्वयं के अंशदान जमा कर उपलब्ध कराये जावेंगे, जिसके लिए अनुसूचित जाति जनजाति हेतु 10 प्रतिशत, सामान्य हेतु 20 प्रतिशत अंशदान राशि जमा करनी होगी और बीपीएल कार्डधारी को कोई अंशदान राशि जमा नहीं करनी होगी।

इस योजना में पात्र आवेदक को ग्रामीण तेलए मसाला प्रशोधन, मान पालन बी बॉक्स, विद्युत चलित चाक, कागज पत्ते की प्लेट व दोनाए अगरबत्ती, फटवियर, टर्न वुड क्राफ्ट, इलेक्ट्रिकल एवं प्लम्बरिंग में चयनित कारीगरों के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह जानकारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर ने दी है।

# विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जनों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल पहुंचाया



**गाडरवारा, यशभारत।** मुख्यमंत्री के आगमन पर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर डोंगरगांव थाना के अस्थाई जेल पहुंचाया गया। कांग्रेस जन पूर्व पटवारी परीक्षा में हुई धांधली, आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार एवं विगत दिवस गाडरवारा शहर में सेन समाज के 18 वर्षीय युवा की हत्या के विरोध में कांग्रेस नेता अभिनय ढीमोले के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसजन ब्लॉक कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई सेवादल एवं महिला कांग्रेस के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नगर आगमन का विरोध प्रदर्शन किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेसियों को शहर से 15 किलोमीटर दूर डोंगरगांव थाने को अस्थाई जेल बनाकर मुख्यमंत्री के प्रस्थान तक जेल में रखा गया धरना के दौरान कांग्रेस नेता अभिनय ढिमोले ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है उसका बेटा पढ़ लिख कर एक अच्छी नौकरी करें और अपने माता-पिता की सेवा करें परंतु प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान उन माता-पिता के सपनों को उन युवाओं के भविष्य को बेच दिया । व्यापम में लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद करके इन्हें चैन नहीं मिला था जो इन्होंने पटवारी परीक्षा में हेराफेरी कर पात्र अभ्यर्थियों का भविष्य बेच डाला। गाडरवारा जैसे शांतिप्रिय क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी जाती है एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिलता है । कांग्रेस नेता रवि शेखर जयसवाल ने कहा शहर के गली गली में स्मैक बेची जा रही है जिसके चलते हमारा युवा नशे के दलदल में फंसता चला जा रहा है कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनीष राय ने कहा प्रदेश में अराजकता का माहौल है महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री जी के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा आज मध्यप्रदेश पर चार लाख का करोड़ हो गया है उस कर्ज की वसूली आम जनता से की जाएगी धरना को संबोधित करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह पटेल छोटे राजा कौरव सुनील सोनी अनिता जायसवाल राजीव दुबे युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पटेल अभिषेक शर्मा मंच संचालन अवधेश रसिया सतीश सैनी एवं आभार प्रदर्शन एनएसयूआई अध्यक्ष आयुष अग्रवाल ने किया विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की गई।



## पं राजेश तिवारी शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचे, बंधाया ढांढस

**पाटन, यशभारत।** पं राजेश तिवारी ने पाटन विधानसभा में सभी के साथ गांव गांव और घर घर जाकर कमलनाथ के वचन पत्र और कांग्रेस की विचारधार को बताया । इस दौरान गौरहा, खिरवा, बंधा, हरदुआ, नांदघाट, रोसरा, रोसरी, तलाड, बैहर,मरहटी, पोंडा में शोकाकुल परिवारों में जाकर संवेदनाएं व्यक्त की साथ ही कांग्रेस परिवार व ग्राम वासियों से मुलाकात की।

# ट्रेनों के स्टापेज के लिए सिहोरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा, यशभारत।** प्रदेश महासचिव सुश्री कौशल्या गोटिया,सिहोरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल,घनश्याम बडगैया,राजेश पटेल ने सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन 236 में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के संबंध में महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि सिहोरा रेलवे स्टेशन जबलपुर जिले की 4 तहसीलों को जोड़ने वाला एकमात्र स्टेशन है इस स्टेशन में रेल यात्रियों से जुडी अनेक मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा समय समय पर ध्यान आकृष्ट कराया जाता रहा है लेकिन नतीजा सिफर ही रहा है।एक बार फिर ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा आपको ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए मांग करती है की सिहोरा रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी- रीवा (11753-11754) का स्टापेज दिया जाये चूकि गरीब ग्रामीण जन एवं सामान्य वर्ग के व्यक्ति जो कि इलाज कराने की दृष्टि से नागपुर जाते हैं और वे जबलपुर से ट्रेन में बैठते हैं और ऐसे में उनका 7-8 घंटे का समय खराब होने के साथ साथ राशी का भी अधिक व्यय होता है उसका ध्यान रखते हुए इसका स्टापेज दिया जाये। साथ ही सोमनाथ एक्सप्रेस,महानगरी एक्सप्रेस,जम्मूतवी एक्सप्रेस और रीवा राजकोट एक्सप्रेस गाड़ियों के स्टापेज सिहोरा स्टेशन में कराये जाये क्योंकि सिहोरा से यात्रा आरंभ करने वाले यात्रियों को जबलपुर या कटनी स्टेशन से अपनी यात्रा आरंभ करने के लिये 3-4 घंटे का अनावश्क अधिक समय लगता है इसी तरह बंद की गई हरिद्वार एक्सप्रेस का संचालन पुनः प्रारम्भ करने के साथ ही संतरा गाची ट्रेन जिसका स्टापेज सिहोरा में था लेकिन कोविड के दौरान समाप्त कर दिया गया था पुनः प्रारम्भ किया जाये उक्त सभी ट्रेनों के स्टापेज सिहोरा में जनहित की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए किए जाये। अमृत योजना के अंतर्गत चयनित 17 स्टेशन में सिहोरा को भी शामिल किया गया है उसका भी कार्य प्रारम्भ कराया जाये ताकि सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन स्टेशन जैसे लग सके सहित अनेक मांगे शामिल थी।

# टीम इंडिया के पास तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड नंबर 1 बनने का मौका

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे। इस दौरे पर टीम इंडिया ने अब तक काफी शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले को जीता था और अब दूसरे मुकाबले में भी वह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। टीम इंडिया इस सीरीज को 2-0 से जीतना चाहेगी। वहीं इस दौरे पर उनके पास आईसीसी के तीनों फॉर्मेट में नंबर 1 बनने का मौका है। भारतीय टीम पहले भी ये कारनामा कर चुकी है। तो आइए जानते हैं कि टीम इंडिया आईसीसी के तीनों फॉर्मेट में नंबर 1 कैसे बन सकती है।




### ऐसे बनेंगे नंबर 1

भारतीय टीम इस वक्त आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर है। अगर टीम इंडिया इस सीरीज को 2-0 से जीत जाए, वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम सिर्फ तीन मुकाबले ही जीते तो टीम इंडिया टेस्ट रैंकिंग में पहले ही स्थान पर रहेगी। बात करें टी20 रैंकिंग के बारे में तो भारतीय टीम वहां भी पहले स्थान पर है। इस वक्त कोई भी टॉप की टीम टी20 सीरीज नहीं खेल रही है। ऐसे में भारतीय टीम लंबे समय तक टॉप पर बनी रह सकती है। मामला वनडे की रैंकिंग में फंस रहा है।

### टीम इंडिया को वनडे में करना होगा ये काम

दरअसल टीम इंडिया आईसीसी की वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम 118 रेटिंग अंकों से साथ पहले और पाकिस्तान क्रिकेट टीम 116 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद है। वहीं टीम इंडिया के रेटिंग अंक इस वक्त 115 हैं, लेकिन टीम इंडिया इन दोनों टीमों को पछाड़ सकती है। आपको बता दें कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। टीम इंडिया अगर इस सीरीज को 3-0 से जीत जाए और दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 7 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे सीरीज के पहले मुकाबले को ऑस्ट्रेलियाई टीम हार जाए तो टीम इंडिया वनडे रैंकिंग में 116 रेटिंग अंको के साथ पहले स्थान पर पहुंच जाएगी।

## टीम इंडिया के इस खिलाड़ी का करियर मुश्किल में, टीम में बने रहने के लिए करना होगा बड़ा बदलाव

टीम इंडिया इस वक्त वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ रही है। इस सीरीज में टीम इंडिया के कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों का प्रदर्शन भी कमाल का रहा। लेकिन टीम के स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल का बल्ला इस सीरीज में अबतक एक बार भी नहीं चल पाया है। ऐसे में गिल को लेकर एक दिग्गज खिलाड़ी ने बड़ी राय दी है। भारत के पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज वसीम जाफर का मानना ??है कि अगर शुभमन गिल टेस्ट टीम में तीसरे नंबर पर लंबे समय तक बल्लेबाजी करना चाहते हैं तो उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा और कुछ सुधार करना होगा, खासकर जब धीमी और निचली परिस्थितियों में खेल रहे हों। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी मर्जी से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए कहा, लेकिन वो उस स्थान पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। जिस पर पहले चेतेश्वर पुजारा खेलते थे। डोमिनिका टेस्ट में तीसरे नंबर पर गिल की पहली पारी में केवल 6 रन बने। पोर्ट ऑफ स्पेन में चल रहे टेस्ट की पहली पारी में वह सिर्फ दस रन ही बना सके। जाफर ने कहा कि भारत से दूर सेना देशों में वो नंबर तीन के रूप में एक अच्छा विकल्प हैं। लेकिन धीमी और निम्न परिस्थितियों में उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा और इसमें सुधार करना होगा। हमने वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज में यह देखा है कि वह गेंद को ऊपर उठाकर खेलना पसंद करते हैं। अगर आप विराट कोहली की पारी देखें तो उन्होंने परिस्थितियों का सम्मान किया है।

**हम बोलेंगे तो बोलोगे कि...**

## खिलाड़ियों से बढ़कर हो गए कोच



प्रवीण अग्रहरि

फिलहाल मानसूनी सीजन चल रहा है। खेलों के लिहाज से यह ऑफ सीजन हैं। खिलाड़ी अपने को फिट रखने के लिए रनिंग और एक्सरसाइज में जुटे हैं। खेलों के कर्णधार भी छुट्टियां बिता रहे हैं। खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा हाल ही में रानीताल इंडौर स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल शिविरों का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें वही घिसे पिटे चेहरों को मंच पर बैठा कर माला पहना कर कार्यक्रम को जैसे-तैसे संपन्न करा लिया गया। इनमें एक तो अपने को खेलों का भीष्म पितामह समझते हैं। हर जगह कार्यक्रमों में उनकी सूरत मंच पर नजर आ ही जाएगी। न बुलाओ तो आयोजकों कर ठसाई कर देते हैं। बहरहाल जिन प्रतिभावान नवोदित खिलाड़ियों ने ग्रीष्मकालीन शिविर में पसीना बहाया उन्हें टी शर्ट की बजाय आश्वासनों का झुन झुनझुना पकड़ा दिया गया जबकि कोचों के लिए सात सात हजार रुपए के चैक आ गए। यानी कोच खिलाड़ियों से बढ़कर हो गए। यह तो खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी है। यदि एक एक टी शर्ट उन्हें मिल जाती तो उनके चेहरे खिल उठते। खेल अधिकारी कहते हैं कि खेल संचालनालय से ही आंवटन नहीं आया तो मैं करूं। हमें तो 15 खेलों के कैम्प लगाने थे तो हम वह लगवाए। कोचों के लिए मानदेय जरुर आ गए हैं परंतु खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट के लिए कोई आंवटन नहीं आया। जबकि इसके पहले के जितने भी डीएसओ थे उनके कार्यकाल में बाकायदा भव्यता के साथ समारोह के दौरान ही बच्चों को टी-शर्ट दी जाती थी। इसके लिए वे स्वंय संचालनालय से आग्रह कर आवंटन पास करा लेते थे। पर वर्तमान खेल अधिकारी महोदय तो टका सा जवाब देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। उनकी कार्यशैली भी समझ से परे है। वे खिलाड़ियों के मर्म को समझते थे। आज हालात उलट हैं। यहां खिलाड़ियों से ज्यादा कोचों को तरजीह दी जाती है। अरे भई होना तो यह वाहिए कि आज के दौर में कई कंपनियां है जो खेलों को प्रमोट करने के के लिए खिलाड़ियों को किट खेल सामग्री आदि देती हैं। उनसे सहयोग लेकर प्रतियोगिताएं कराई जा सकती हैं। इससे खिलाड़ियों को न केवल अपना हुनर दिखाने मिलेगा बल्कि किट के साथ खेल सामग्री भी मिल सकती है। पर इसके लिए खेल संघों कर मदद से प्रयास करने होंगे।

## एशियन गेम्स में खेलेंगे टीम इंडिया के 3 सीनियर खिलाड़ी, कोच की मांग के बाद होगा रास्ता साफ!




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के हांगझोउ में 19वें एशियन गेम्स का आयोजन होगा। इस बार इन खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता में अगर भारतीय टीम हिस्सा लेती है तो यह इवेंट भी काफी रोचक हो जाएगा। हालांकि, कुछ नियम भारतीय टीम की राह की बाधा बन रहे थे। इसके संबंध में फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने पीएम मोदी और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को पत्र लिखते हुए एक भावुक अपील की थी। अब उस पर खेल मंत्रालय द्वारा एक्शन लेने की खबर सामने आ रही है, उस स्थिति में भारत की फुटबॉल टीम को आगामी खेलों में हिस्सा लेने की अनुमति मिलती दिख रही है। पीटीआई/भाषा की जानकारी के मुताबिक खेल मंत्रालय द्वारा एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के लिए हरी झंडी मिलने की स्थिति में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, ढ्ढस्नस्न इन खेलों के लिए सीनियर टीम को भेज सकता है। यानी भारत के करिश्माई फुटबॉलर और भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री की अगुआई वाली सीनियर टीम 19वें एशियन गेम्स में हिस्सा लेती नजर आ सकती है। हालांकि, इसको लेकर अभी कौन सी टीम जाएगी, अंडर 23 के कितने खिलाड़ी होंगे, सीनियर खिलाड़ी कितने होंगे इस पर किसी ऑफिशियल ऐलान का इंतजार है।

### 2018 एशियन गेम्स में नहीं मिली थी अनुमति

गौरतलब है कि नेशनल फुटबॉल टीम को 2018 में जकार्ता एशियन गेम्स में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी, क्योंकि खेल मंत्रालय के नियम के अनुसार टीम खेल में शीर्ष आठ में रहने वाली को ही इन खेलों में भाग लेने की मंजूरी दी जा सकती है। भारतीय टीम एशिया में इस समय 18वें स्थान पर है। वहीं क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय टीम ने सैफ चैम्पियनशिप जीतने के बाद इंटरनेशनल रैंकिंग में 99वां स्थान हासिल किया था।

### तीन सीनियर खिलाड़ियों को मिलेगी अनुमति!

इस मामले की पूरी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई/भाष से बताया कि, मौजूदा नेशनल फुटबॉल टीम में सात अंडर-23 खिलाड़ी हैं और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिलने की स्थिति में बड़ी उम्र के तीन खिलाड़ियों को ही अनुमति दी जा सकती है। यानी उस स्थिति में कप्तान सुनीस छेत्री, गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू और डिफेंडर संदेश झिंगन एशियाई खेलों के लिए जा सकते हैं। फिलहाल अभी इसको लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, जिसका इंतजार है।

# सात्विक और चिराग की जोड़ी ने किया कमाल कोरिया ओपन के फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार बैडमिंटन डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए कोरिया ओपन में धमाल मचा दिया है। भारत की ये बेहतरीन जोड़ी इस बड़े टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले तक पहुंच गई है। इन दोनों खिलाड़ियों ने चीन की जोड़ी को आसानी से दो सेट में ही बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### कोरिया ओपन में सात्विक-चिराग का कमाल

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शनिवार को लियांग वेई केंग और वांग चांग की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर सीधे गेम में रोमांचक जीत के साथ कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने जिन्नम स्टेडियम में 40 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी पर 21-15, 24-22 से जीत दर्ज की। केंग और चांग की जोड़ी के खिलाफ लगातार दो हार के बाद सात्विक और चिराग की यह पहली जीत थी। सात्विक और चिराग ने इस साल इंडोनेशिया सुपर 1000 और स्विस ओपन सुपर 500 खिताब जीते हैं।

### इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ फाइनल

फाइनल में उनके सामने इंडोनेशिया के शीर्ष वरीय फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो या कोरिया के कांग मिन ह्युक और



सियो सेउंग जे की चुनौती होगी। इस साल थाईलैंड और इंडिया ओपन जीतने वाली चीन की जोड़ी भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत हार के 2-0 के रिकॉर्ड के साथ मुकाबले में उतरी थी। भारतीय जोड़ी ने हालांकि इस बार अपनी योजना को शानदार तरीके से अंजाम दिया। जून में अपने पिछले टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन को जीतने वाली भारतीय जोड़ी के पास अब लगातार दो खिताब हासिल करने का मौका होगा। दोनों जोड़ियों ने खेल की आक्रामक शुरुआत की और 5-5 के स्कोर तक मुकाबला बराबरी का रहा। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद बढ़त बनानी शुरू की और स्कोर 7-5 और फिर 14-8 हो गया।

### सात्विक ने दिखाया जलवा

सात्विक ने अपना चिर-परिचित स्मैश लगाया लेकिन बैकलाइन के पास चिराग की गलती के कारण चीन की जोड़ी लगातार दो अंक हासिल करने में सफल रही। चिराग और सात्विक ने मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए स्कोर को 19-12 किया और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी दोनों जोड़ियों के बीच करीबी मुकाबला देखने को मिला। शुरुआत में स्कोर 2-2 और 8-8 की बराबरी पर था। चीन के खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ वाइड शॉट खेले जिससे भारत की बढ़त 14-9 होगी।

### दूसरे सेट में देखने को मिला कड़ा मुकाबला

इसके बाद दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और मैच के आगे बढ़ने के साथ रोमांच बढ़ता गया। स्कोर के 18-18 और 19-19 की बराबरी पर था। चिराग ने इसके बाद शानदार स्मैश लगाकर मैच प्वाइंट का मौका बनाया लेकिन सात्विक ने सर्विस में गड़बड़ी कर दी जिससे स्कोर 20-20 हो गया। सात्विक ने एक बार फिर भारत के लिए मैच प्वाइंट का मौका बनाया लेकिन चांग के शानदार पास से यह मौका भी निकल गया। चांग ने इसके बाद शटल को नेट पर खेलकर भारत को तीसरी बार मैच प्वाइंट का मौका दिया लेकिन केंग के शानदार प्रयास से स्कोर एक बार फिर 22-22 से बराबर हो गया।

## रंग संसार

# ओटीटी पर देखें ये खौफनाक हॉरर फिल्में-वेब सीरीज, देखते ही उड़ जाएगी रातों की नींद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हर हफ्ते कुछ न कुछ नया देखें को मिलता है, जिसमें ओटीटी पर रोमांटिक से लेकर कॉमेडी तक कई शानदार वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होती है। यह फिल्में और वेब सीरीज अलग-अलग जॉनर की होती है, लेकिन कई लोगों को हॉरर बेस्ड कंटेंट बहुत ज्यादा पसंद होता है। ओटीटी पर ऐसी कई खौफनाक वेब सीरीज और मूवी है, जिन्हें देखने के बाद आपके पसीने छूट जाएंगे। अगर आप अपने वीकेंड को घर बैठे और भी मजेदार बनाना चाहते हैं तो देखें ये हॉरर फिल्में और वेब सीरीज। पूरी लिस्ट...



### यू-टर्न -

साउथ की हिट हॉरर फिल्म यू-टर्न में सुपर नैचुरल पॉवर को दिखाया गया है। इस फिल्म का हिंदी में भी रीमेक बन चुका है। इस फिल्म में श्रद्धा श्रीनाथ लीड रोल प्ले करती नजर आई हैं। फिल्म में ट्रैफिक रुल्स तोड़ने वालों की अचानक होने वाली मौतों को दिखाया गया है, जो एक आत्मा के वजह से होती है। इस फिल्म को हिंदी में एमएक्स प्लेयर पर देख सकते हैं।

### टाइपराइटर -

सुजॉय घोष की इस हॉरर वेब सीरीज को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है। लोगों ने इस सीरीज को खूब पसंद भी किया है। इसकी कहानी एक हॉन्टेड हाउस के ईर्द गिर्द घूमती है। सीरीज में आपको चार बच्चे देखने को मिलेंगे जो आत्मा को पकड़ने की कोशिश करते हैं।

### भ्रम -

इस फिल्म की कहानी एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। ये फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। भूमिका चावला भी इस सीरीज में दिखाई देती हैं। इस सीरीज का मजा आप जी5 पर उठा सकते हैं। ये एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है।

### 1920 लंदन -

विक्रम भट्ट ने सबसे पहले 1920 को साल 2008 में रिलीज किया था, जो की लोगों को बहुत पसंद आई थी। इस के बाद उन्होंने 1920 लंदन तीसरी फिल्म बनाई थी। डायरेक्टर टीनू सुरेश देसाई ने इस फिल्म से डायरेक्शन में अपना डेब्यू किया। इसे भी आप जी5 पर देख सकते हैं।

### कंचना -

सुपरहिट हॉरर मूवी कंचना को जनता से काफी अच्छे रिव्यू मिले थे और लोगों को ये फिल्म भी बहुत पसंद आई थी। इस फिल्म को यूट्यूब पर या फिर ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखा जा सकता है।

### रात अकेली है -

रात अकेली है एक मिस्ट्री-थ्रिलर हॉरर फिल्म है। निर्देशक के रूप में कास्टिंग डायरेक्टर हनी त्रेहन की यह पहली फिल्म है। राधिका आप्टे और नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में हैं। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# तुम्हे मनाना मुझे अच्छा लगता है: निक जोनस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने 18 जुलाई को अपना 41वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके जन्मदिन के मौके पर उनके पति व पॉप स्टार निक जोनस ने एक पोस्ट शेयर की। इंस्टाग्राम पर निक ने प्रियंका के साथ एक अनदेखी तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कपल यॉट पर बैठे हैं। प्रियंका ने व्हाइट एंड ब्लैक कलर के डॉटेड हॉल्टर-नेक ड्रेस के साथ सनग्लासेस पहना हुआ है और निक ने ब्लू स्लीवलेस टी शर्ट पहनी हुई है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, मुझे तुम्हें मनाना अच्छा लगता है, हैप्पी बर्थडे माई लव। कमेंट सेक्शन में फैंस द्वारा जन्मदिन के बधाइयों की बाढ़ आ गई। उन्होंने लिखा, आप दोनों को ढेर सारा आशीर्वाद, मुझे खुशी है कि आप हमारी क्वीन के जन्मदिन का जश्न मना रहे हैं, वह इस दुनिया में सभी प्यार और खुशियों की हकदार है। प्रियंका को जन्मदिन पर उनकी बहन और एक्ट्रेस परिणिति चोपडा ने भी बधाई दी है।

## दीपिका कक्कड़ के घर खत्म नहीं हो रहा सेलिब्रेशन, शोएब ने दिखाए बेबी के खास तोहफे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय जोड़ियों में से एक हैं शोएब इब्राहिम और दीपिका कक्कड़ की जोड़ी। फैंस दोनों को साथ में देखना बहुत पसंद करते हैं। दोनों अपने फैंस को कभी नाराज नहीं करते और अपनी लाइफ से जुड़े हर अपडेट फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। दीपिका कक्कड़ ने हाल में ही बेबी बॉय को जन्म दिया है। एक्ट्रेस डिलीवरी के बाद से ही अस्पताल में थी। कुछ दिनों पहले ही दीपिका कक्कड अपने पति शोएब और बेबी बॉय के साथ घर पहुंची थीं। अब एक्ट्रेस ने घर पर एक सेलिब्रेशन रखा। उन्होंने बेबी का वन मंथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर बेबी के लिए ढेर सारे गिफ्ट भी लाए गए।

### साथ में किया सेलिब्रेशन

हाल में सामने आए ब्लॉग में पूरा इब्राहिम परिवार सेलिब्रेट करते नजर आया। सबने मिलकर केक भी काटा। इसके साथ ही शोएब ने बेबी को मिले खास गिफ्ट्स दिखाए। उन्होंने बताया कि गांव से उनके रिश्तेदारों ने भी बेबी के लिए गिफ्ट भेटे हैं। कई ने कपड़े तो कई लोगों ने चांदी की चुड़िया और ताबीज बेबी के लिए भेजा था। इसके अलावा घर के सभी सदस्यों ने भी बेबी को गिफ्ट दिया। शोएब की बहन सबा भी इस दौरान मौजूद थीं, उन्होंने एक-एककर सबका गिफ्ट दिखाया और सभी को धन्यवाद भी कहा।

# गुम है किसी के प्यार में की पाखी है प्रेग्नेंट एक्ट्रेस ने तोड़ी चुप्पी, कर दी सबकी बोलती बंद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पत्रलेखा, विराट और सवि के लव ट्राएंगल से शुरु हुआ टीवी शो गुम है किसी के प्यार में का पहला सीनज खत्म होकर दूसरा सीजन शुरू हो गया है। इस शो के पहले सीजन ने खूब प्यार पाया यह टीआरपी लिस्ट में लगातार टॉप 3 में ही शुमार रहा। वहीं अब 20 साल के लंबे लीप के बाद नई कास्ट के साथ शो के दूसरे सीजन की शुरुआत हुई है। इसके बाद भी पुरानी कास्ट का फैंस को प्यार मिल रहा है और ये आए दिन चर्चा में बने रहते हैं। शो में वैंप का किरदार निभाने वाली ऐश्वर्या शर्मा शो छोड़ने के बाद से सबसे ज्यादा सुर्खियों में हैं। हाल में ही एक्ट्रेस ने अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी से सभी की बोलती बंद कर दी है।

### इस वजह से अफवाह को मिली थी हवा

गुम है किसी के प्यार में की पाखी यानी ऐश्वर्या ने जैसे ही शो को अलविदा कहा उसके बाद से ही कई दावे किए जाने लगे। लोगों ने कहा कि एक्ट्रेस फैमिली प्लानिंग की वजह से शो छोड़ दी हैं। इतना ही नहीं हाल में ये भी कहा गया कि ऐश्वर्या और नील फैमिली प्लानिंग कर रहे हैं। इस पर नील ने एक इंटरव्यू में सफाई भी दी थी और कहा था कि हर कोई बच्चा चाहता है और उसी तरह वो भी चाहते हैं, लेकिन अभी दोनों अपने करियर पर फोकस कर रहे हैं। अब पति नील भट्ट के बाद एक्ट्रेस ने अफवाह फैलाने वाले लोगों को और मीडिया हाउस को करारा जवाब दिया है।

### एक्ट्रेस ने लगाई फटकार

ऐश्वर्या शर्मा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्होंने उन मीडिया हाउस को जमकर खरीखोटी सुनाई है, जो एक्ट्रेस की फेक प्रेग्नेंसी का दावा कर रहे थे। ऐश्वर्या ने एक न्यूज आर्टिकल का स्क्रीनशॉर्ट पोस्ट किया, जिसमें ऐश्वर्या शर्मा और उनके पति नील भट्ट की तस्वीर लगी हुई है। इस तस्वीर पर लिखा है कि नील और ऐश्वर्या बेबी प्लानिंग की तैयारी कर रहे हैं। ऐश्वर्या ने इसके जवाब में लिखा, सिर्फ तुम मीडिया वाले तय करोगे कि हम बेबी प्लान करें या नहीं। एक और फेक न्यूज। सभी को बधाई। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या की स्टोरी तेजी से वायरल हो रही है।


moviemagic
#Magically Refreshed
MISSION IMPOSSIBLE
2D
English 9:45 AM 7:15 PM 10:15 PM
Hindi 1 PM 4 PM
72 HOORAIN 3 PM
SATYAPREM KI KATHA
10 AM 12:45 PM 3:30 PM 6:15 PM 9 PM
1920 HORRORS OF THE HEART
10:15 AM 5 PM 10 PM
ZARA HATKE ZATA BACHKE
12:30 PM
CARRY ON JATTA 3
Punjabi
7:30 PM
SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
For Enquiry, Contact: 07612662222



Call for booking 9755561144
Online booking visit bookmyshow
RECLINER
SR
Adipurush 3D
09:00 AM 12:20 PM 06:30 PM 10:00 PM
Adipurush 2D
09:30 AM 01:00 PM 07:00 PM 10:15 PM
The Flash 3D
03:40 PM
Zara Hatke Zara Bachke
04:30 PM
SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

» न्यूज गैलरी



## बरगी हिल्स में बिजली गिरने से नयागांव ठप्प गोराबाजार सब स्टेशन नहीं दे पाया सपोर्ट

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी हिल्स में बिजली गिरने के कारण अचानक नयागांव की लाइट गोल हो गयी। जिसके बाद व्हीव्हीआईपी क्षेत्र में घंटों बिजली ठप्प रही। जिसके कारण भारी परेशानियों का सामान करना पड़ा। गौरतलब है कि नयागांव में सपोर्ट देने के लिए गोराबाजार में लाखों की लागत से सब स्टेशन स्थापित किया गया है। लेकिन ऐन वक्त पर सब स्टेशन सपोर्ट नहीं कर सका। तो वहीं मैदानी स्तर पर बिजली कर्मी भी पसोपेश में रहे। संजय अरोरा अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बिजली गिरने के कारण नयागांव में करीब एक घंटे बिजली गोल रही। गोराबाजार में सब स्टेशन स्थापित किया गया है, जिसका काम जारी है। बिजली ठप्प होने के बाद तत्काल ही कर्मियों की टीम रवाना की गई थी। जिसे समय रहते सुधार लिया गया था।



## माढोताल में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

जबलपुर, यशभारत। माढोताल थाना अंतर्गत पाटन बायापास में खाना खजाना ढाबा के पास एक युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार युवक की उम्र 35 से 40 के बीच में है। पुलिस मामले में सुराग जुटाने थानों के रिकॉर्ड खंगाल रही है। शिनाख्तगी के संबंध में जानकारी होने पर माढोताल थाने में संपर्क करें।

## तेज उमस ,गर्मी का अहसास



**जबलपुर,यशभारत।** तेज बारिश का दौर शहर में लगातार जारी है। इसी बीच कभी सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप भी निकल रही है जिससे शहर में उमस का माहौल निर्मित हो रहा है और शहरवासी बारिश के मौसम में गर्मी से परेशान होते नजर आ रहे हैं। प्रमोद विश्वकर्मा, अधिवक्ता भोले कैलाश सोनकर ने यशभारत को बताया कि बारिश के मौसम में तेज गमीज़ लग रही है। जिससे बरसात में गर्मी का अहसास हो रहा है।

यशभारत विशेष

# जनता पूछे सवाल- क्या किया ...क्या करेंगे...

## मप्र विधानसभा चुनावों पर यशभारत की विशेष सीरीज जल्द ही

**जबलपुर, यश भारत।** लोकतंत्र के महापर्व चुनावों का समय नजदीक आता जा रहा है। ऐसे में राजनैतिक सरगर्मियां तो तेज हो ही रही हैं, जनता भी 5 सालों का हिसाब मांगने की तैयारी कर रही है। एक ओर जहां सत्ता दल विकास की दुहाई दे रहा है, वहीं विपक्ष भी अपने आरोपों का पिटारा लिए तैयार बैठा है। ऐसे में जनता के मन में भी कई सुलझे ,अनसुलझे सवाल हैं। जो वह सीधे नेताओं से करना चाहती है। उनके वादों का हिसाब चाहती है, अधूरे छूट गए कामों पर उनसे जवाब चाहती है। ऐसे में यशभारत द्वारा जनता के सवालों और जिम्मेदारों के जवाबों के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जहां जनता खुलकर अपने सवाल उठा सकेगी और जिम्मेदार बेबाकी के साथ अपनी बात रख सकते हैं। जिले की 8 विधानसभा क्षेत्रों में यशभारत द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । जहां क्षेत्र की जनता सत्ता और विपक्ष में आसीन नेताओं से अपनी बात खुलकर सामने रख सकेगी । जनता के सरोकार के साथ-साथ विकास ,भ्रष्टाचार, रोजगार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर खुलकर जवाब मांगे जाएंगे। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में यशभारत अपनी सहभागिता देने और जनता की आवाज को बुलंद करने खास शुरुआत कर रहा है । जल्द ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी यशभारत में प्रकाशित की जाएगी।

बेबाक

## परख ने मौके पर दे दिया धोखा



किशोर गौतम

गुजरे जमाने का बहुत ही मशहूर गीत आज भी हर गली कूचों में गूंजता है कि तुम रूठी रहो मैं मनाता रहूं.... इस गीत की पंक्तियां उस समय चरितार्थ हो गई जब जबलपुर रेल मंडल के मुखिया निरीक्षण यान जिसे परख कहा जाता है ,वह अधारताल स्टेशन पहुंच कर इस तरह रूठ गई कि आगे जाने के लिए एक इंच नहीं खिसकी। वहीं –परख– गाड़ी का अचानक यह रूठ जाना बाद में उसे मनाने का यह दौर करीब एक घंटे तक चला। परख का इस तरह ऐन मौके पर धोखा देना रेलवे के अधिकारी और कर्मचारियों में चर्चा का विषय बन गया। वे यह सोचने लगे कि आखिर ऐसी कौन सी वजह है कि उसने कटनी की ओर जाने का विचार बदल दिया। चर्चा तो इस बात की भी थी कि उक्त गाड़ी में डीआरएम सहित अन्य विभाग प्रमुख सवार धक्का तक लगाने की बात करने लगे थे। परख को आगे बढ़ाने के लिए जितने भी प्रयास किए गए सभी असफल साबित हुए अंततः बेचारी परख को एक अन्य इंजन के सहारे जबलपुर लाया गया। इसके बाद सभी अधिकारी एक गाड़ी के सहारे निरीक्षण के लिए कटनी रवाना हुए। रवाना होना भी जरूरी था क्योंकि पमरे के मुखिया के आदेश का पालन भी जो करना था यह सब घटनाक्रम पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था। किंतु न जाने कहां से है बात लीक होकर मीडिया तक पहुंची तो पूरे महकमा में चर्चा का विषय बन गया कि इस मामले में नारद की भूमिका किसने निभाई। किसने इसको सुर्खियों में लाकर खड़ा कर दिया। बहरहाल जैसा भी हो इस पूरे मामले में ऑपरेटिंग विभाग की जमकर क्लास भी लगाई गई है। यह तो हुआ कटनी निरीक्षण के दौरान का घटनाक्रम। अब इसके बाद जबलपुर रेल मंडल के अधिकारियों को सागर भी जाना था किंतु इस बार रेल मंडल के मुखिया वह अन्य अमले ने बहुत ही विवेक से काम लिया जो वह परख से न जाकर बाय रोड सागर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे क्योंकि शायद रेल अधिकारियों ने यह सोचा होगा कि परख से एक धोखा खा चुके हैं और खा सकते नहीं... इसलिए उन्होंने सागर तक का यह सफर कार से ही तय करना उचित समझा।

मनेरी में सुरक्षागार्ड की हत्या

# मगरमुंहा वृद्धा की हत्या कर 50 मीटर घसीटकर, मक्का के खेत फेंका शव

**जबलपुर, यशभारत। जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरमुहा गांव में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब एक 80 वर्षीय वृद्धा का लहू लुहान शव मक्का के खेत में पड़ा हुआ मिला ।**




उक्त घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को लगी तो कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई मौजूद लोगों द्वारा उक्त घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

इस घटना के संबंध में शहपुरा पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मगरमुहा गांव की रहने वाली 80 वर्षीय वृद्धा रति बाई पति नन्हेंलाल पटेल का खेत में मकान है जहां पर वृद्धा का आना-जाना लगा रहता था वह अपना खेत देखने गई हुई थी जहां पर बने मकान के पास बैठी हुई थी इसी दौरान अज्ञात आरोपी मौके पर पहुंचा और वृद्धा के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी पुलिस के अनुसार आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद वृद्धा का शव 50 मीटर दूर तक घसीट कर ले गया जहां पर उसने मक्का के खेत में शव को फेंकने के बाद मौके फरार हो गया पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष के कथन लिए जा रहे हैं वही कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि उक्त घटना का खुलासा शीघ्र होगा।

उधर मंडला मनेरी फैक्टरी में एक सुरक्षा गार्ड की हथोड़ा मारकर हत्या कर दी गई। सुरक्षा गार्ड बरेला डूंगा का निवासी था और काफी समय से फैक्टरी में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात था। पूरा मामला एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। दो दिन पहले सुरक्षा गार्ड ने निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मनेरी चौकी पुलिस ने पूरे प्रकरण को दबाने की कोशिश की परंतु जब मृतक के परिजनों ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने प्रकरण दर्ज जांच शुरू की। बरेला डूंगा निवासी अंकित लोधी ने बताया कि उसके पिता पंचम लाल पटेल मनेरी स्थित सनमुखा फैक्टरी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहे थे। कुछ दिन पूर्व रात के समय चोरी करने पहुंचे एक युवक ने पिता के सिर पर हथोड़े से वार किया। पिता को आनन-फानन में फेक्टरी के कर्मचारियों ने जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां दो दिन इलाज करने के बाद उनकी मौत हो गई। फैक्टरी में हुई घटना का सीसीटीवी फुटेज भी है जिसमें आरोपी फैक्टरी के अंदर घुसता हुआ नजर आ रहा है। इस संबंध में मनेरी चौकी पुलिस कर्मियों का कहना है कि प्रारंभिक तौर पहले मारपीट और चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया था। सुरक्षा गार्ड की मौत के बाद धाराएं बढ़ा दी गई है साथ ही आरेपी की सरगर्मी से तालाश की जा रही है।



## कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद चालू हुआ रेल यातायात

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के अंतर्गत नरसिंहपुर-करेली के बीच अप लाइन पर मालगाड़ी का गार्ड डिब्बा पटरी से उतर कर पलट जाने के बाद जबलपुर से इटारसी जाने वाले अप लाइन पर रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था उक्त घटना की सूचना के बाद जबलपुर से आला अधिकारियों सहित पहुंची राहत गाड़ी के बाद यातायात चालू किया गया उल्लेखनीय की बीती रात नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के सबसे पीछे वाला गार्ड का डिब्बा पटरी से उतर जाने के कारण अप लाइन में यातायात प्रभावित रहा घटना की जानकारी के बाद जबलपुर से रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद बाधित यातायात को चालू किया गया।

## मुर्गा की दुकान से दबोचे गए ट्रैक्टर चोरी के आरोपित

बेलखेड़ा पुलिस की कार्रवाई

जबलपुर ,यशभारत। बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसान का ट्रैक्टर चुराने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने उस समय दबोच लिया ,जब वे एक मुर्गा की दुकान में बैठे हुए थे । पूछताछ करने पर उन्होंने ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया । पुलिस ने कब्जे से ट्रैक्टर जप्त कर कार्यवाई के उपरांत दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया । उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी सुखदेव धुर्वे एस आई राजेंद्र बागरी सहायक उप निरीक्षक राम सिंह जाट आरक्षक अमित द्वारा की गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सुंदरादेही ग्राम का रहने वाले योगेश सिंह पिता सुखदेव सिंह लोधी ने 21 22 की दरमियानी रात अपना ट्रैक्टर घर के सामने खड़ा किया था सुबह उन्होंने देखा तो ट्रैक्टर मौके से गायब मिला जिसकी रिपोर्ट उनके द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस को घटना की पड़ताल के दौरान जानकारी मिली कि सुन्द्रादेही निवासी 22 वर्षीय दुर्गेश मेहरा प्रताप पंचम मेहरा एवं 20 वर्षीय ऑरेंज सिंह पिता कालू सिंह लोधी ट्रैक्टर लेकर मेरे गांव की ओर जाते हुए देखे गए हैं पुलिस द्वारा जब उनका पीछा किया गया तो आरोपी ट्रैक्टर को झाड़ियां में छुपा कर मेरे गांव में एक मुर्गा की दुकान में बैठकर गप मार रहे थे।

## घरेलू गैस सिलेण्डर से कर रहे थे रिफलिंग 2 गिरफ्तार

### 4 सिलेण्डर, 2 इलेक्ट्रानिक तराजू एवं 2 विधुत मोटर तथा मारूति वैन एवं आटो जप्त

**जबलपुर यशभारत।** क्राईम ब्रांच एवं थाना ग्वारीघाट की संयुक्त टीम द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर से आटो/वैन में गैस भरने वाले 2 आरोपियों एवं गैस भरवाने वाले 2 वाहन चालकों को रंगे हाथ पकड़ा गया है।थाना प्रभारी ग्वारीघाट भूमेश्वरी चौहान ने बताया कि क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि पुरानी बस्ती निवासी राजकुमार पटेल अपने घर के सामने घरेलू गैस सिलेण्डर से अवैध रूप से मारूति वैन में गैस भर रहा है जो पूर्व में भी घरेलू गैस सिलेण्डर से वाहनों मे गैस भरते हुये पकड़ा जा चुका है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना ग्वारीघाट की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई, जहॉ राजकुमार पटेल वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 2395 में घरेलू गैस भरते हुये दिखा, पुलिस को आता देखा गैस भर रहा व्यक्ति एवं वैन चालक भागने लगे घेराबंदी कर दोनों को पकडा, नाम पता पूछने पर मारूति वैन चालक ने अपना नाम अक्षय खत्री उम्र 24 वर्ष निवासी सुखसागर ब्लू ग्वारीघाट एवं गैस रिफ्लिंग करने वाले ने अपना नाम राजकुमार पटेल उम्र 49 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती ग्वारीघाट बताया । घरेलू गैस सिलेण्डर से अवैध रूप से उपेक्षापूर्वक मारूति वैन में ज्वलनशील एलपीजी गैस भरना एवं मारूति वैन चालक द्वारा भरवाना पाये जाने पर मारूति वैन चालक से मारूति वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 2395 एवं राजकुमार पटेल के कब्जे से घरेलू 3 गैस सिलेण्डर, 1 विद्युत मोटर जप्त करके कार्यवाई की गयी।



## वन विभाग का खेल : 6 महीने पहले हुई पदस्थापना उनके दोबारा हुए ट्रांसफर

वन मंत्री से की शिकायत

**जबलपुर, यशभारत।** प्रदेश के वन मंत्री कुंवर विजय शाह अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे। यहां एसएफआरआई के रेस्ट हाउस में अपनी समस्याओं को लेकर वन कर्मी उनसे मिलने के लिए पहुंचे। जहां प्रांताध्यक्ष एवं प्रदेश विधि सलाहकार राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि वन विभाग में थोक के भाव हुए तबादले विवादों के घेरों में है। जिन कर्मियों का 6 महीने पहले स्थानांतरण हुआ है उनकी दोबारा पदस्थापना कर दी गई। जिसके बाद कर्मियों में रोष है। जिसकी जांच की मांग की गई है। मंत्री से चर्चा में संघ के जिलाध्यक्ष व प्रविन्द्र ग्वालवंश ने बताया कि वृत्त में नियम विरुद्ध तरीके से कर्मचारियों के ट्रांसफर किए जा रहे हैं इससे बड़ी संख्या में वन कर्मी परेशान है। साथ ही वर्ष 2020 इंक्रीमेंट किया जाए। शासन के आदेश वर्ष 2007 से 2016 तक कार्यरत दैनिक वेतनभोगी को विनियमतीकरण की मांग भी रखी गई। इस पर वन मंत्री ने कहा वे वन कर्मियों के साथ में है और इन मांगों को लेकर वे विभागीय अधिकारियों से चर्चा करेंगे। वन कर्मियों के हित में निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर अजाक्स के जिला शाखा अध्यक्ष सुशील ठाकुर, भारतीय मजदूर संघ के द्वारका कुशवाहा, स्थायी कर्मचारी संघ सुशील त्रिवेदी अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

SHRI RAM GROUP
JABALPUR
FACULTY REQUIREMENT IN
• Shri Ram Institute of Technology • Shri Ram Institute of Science & Technology • Shri Ram Group of Institution • Shri Ram Institute of Technology (Pharmacy) • Shri Ram Institute of Pharmacy • Shri Ram Institute of Technology (D. Pharma) • Shri Ram Institute of Technology (MCA) • Shri Ram Institute of Management • Shri Ram College Jabalpur • Shri Ram Institute of LAW
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING POSTS
Professor/Associate Professor/Assistant Professor
■ Electronics and Communication ■ Electrical Engineering ■ Electrical and Electronics Engineering ■ Mechanical Engineering ■ Civil Engineering ■ Computer Science & Engineering ■ Computer Engineering ■ Computer Science & Business Systems ■ Internet of Things & Cyber Security Including Block Chain Tech. ■ Artificial Intelligence & Machine Learning ■ Artificial Intelligence & Data Science.
• B.Sc.-Physics/Chemistry/Mathematics/English/Biotech/Zoology/Botany • M.Tech • MBA • MCA • B Pharma/D Pharma/M Pharma • B.Com.- Plain /Comp. Application/Tax Procedure & Practice • B.A.- Hindi/ English /Economics /History/Political Science/Sociology • B.B.A.- Plain/Hotel Management • BCA • B.A.LLB. • LLB • M.Com. • M.A. • Library • Office Staff
Qualification & Eligibility as per AICTE, PCI & UGC Norms
Interested candidates may apply to the Principal with application, CV, Xerox Copy of UG, PG & Ph.D. Degree/ Marksheet, Pan Card & Aadhar Card, 2 Passport Size Colour Photographs with in 10 Days from the Date of Publication.
Near ITI Madhotal, Jabalpur (M.P.)
Mob. : 9755042292, 9755042293































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)